

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 274 | ग्वालियर, मंगलवार, 25 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### दिल्ली-यूपी समेत देश के इन राज्यों में फिर बारिश की संभावना



**नई दिल्ली।** देश के ज्यादार राज्यों में हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के लिए बारिश आफत बन चुकी है. दिल्ली में यमुना के जलस्तर में हुई बढ़ोतरी से राजधानी में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं और निचले इलाकों में पानी भर गया है. वहीं पहाड़ों पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन और नदियों में उफान से कई लोगों की जान जा चुकी है. हजारों मकान और सैकड़ों सड़कें टूट गई है. इस बीच मौसम विभाग ने आज यानी शनिवार के लिए उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इसके साथ ही मौसम विभाग ने आज ( 15 जुलाई ) के लिए पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं 16 और 17 जुलाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में आज भारी बारिश होने की संभावना है. आईएमडी के मुताबिक, शनिवार को उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी हरियाणा, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य महाराष्ट्र और उधर अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम के अलावा कोंकण-गोवा, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है. वहीं राजधानी दिल्ली में शनिवार को एक बार फिर से बारिश होने की संभावना है. बता दें कि आईएमडी ने राजधानी में शनिवार के लिए यलो अलर्ट जारी कर मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना जताई है. इससे पहले शुक्रवार को भी कई स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई. शुक्रवार दोपहर बाद दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज की गई. पालम में सबसे ज्यादा 9.8 मिमी बारिश हुई. जबकि सफदरजंग, लोधी रोड, रिज, आयानगर, पीतमपुरा, पूसा और जाफरपुर में बूंदाबांदी या हल्की बारिश दर्ज की गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, शनिवार को पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पूर्वी यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, कोंकण-गोवा, तटीय कर्नाटक और केरल और माहे में गरज के साथ व्यापक बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिमी यूपी, पश्चिम मध्य प्रदेश, मराठावाड़ा, विदर्भ, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तेलंगाना और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में गरज के साथ काफी व्यापक बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार ( 15 जुलाई ) को दिल्ली, पंजाब, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, गुजरात क्षेत्र, मध्य महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में गरज के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है. इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पश्चिम राजस्थान, सौराष्ट्र-कच्छ और लक्षद्वीप में भी गरज के साथ छिटपुट बारिश होने की संभावना है.

### बहन को वीडियो कॉल कर कहा- आत्महत्या करने जा रहा, फिर युवक ने दे दी जान

**नोएडा।** नोएडा के थाना एक्सप्रेस-वे इलाके में रहने वाले एक युवक ने अपनी बहन को वीडियो कॉल करके कहा कि वह जान देने जा रहा है। रोती-बिलखती बहन ने काफी गुहार लगाई। लेकिन, उसने बहन की एक न सुनी और अपनी जान दे दी। ओडिशा के रहने वाले युवक की उम्र 30 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवारजनों को सूचित किया जा चुका है और वह ओडिशा से नोएडा आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 14 जुलाई को थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नंगली, वाजिदपुर सेक्टर-135 में एक व्यक्ति ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस द्वारा मौके पर पंहुचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक चन्द्रशेखर विस्वाल (उम्र करीब 30 वर्ष), पुत्र सूर्यमणि विस्वाल, निवासी ग्राम लच्छन्दरपुर, थाना मंगलपुर, जिला जाजपुर, ओडिशा का रहने वाला था। वर्तमान में मृतक अजय चौहान, पुत्र जगपाल चौहान का मकान, गली नं.-15, ग्राम नंगली वाजिदपुर, सेक्टर-135, थाना एक्सप्रेस-वे, नोएडा में किराये पर रहता था। मृतक ने आत्महत्या करने से पूर्व अपनी बहन को वीडियो कॉल किया था। आस-पास के लोगों द्वारा बताया गया कि मृतक चन्द्रशेखर विस्वाल कभी-कभी शराब का सेवन करता था।

### ओडिशा में युवक ने नाबालिग प्रेमिका की हत्या की



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बोलांगीर कस्बे में एक चौंकाने वाली घटना में एक युवक ने अपनी नाबालिग प्रेमिका की हत्या कर दी, क्योंकि वह उससे नजरअंदाज करने लगी थी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना गुरुवार देर रात की है जब 15 वर्षीय लड़की के माता-पिता अपने काम के लिए घर से बाहर थे। मुख्य आरोपी मिलन चार साल से लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। लेकिन लड़की को अब इस रिश्ते में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उपमंडलीय पुलिस अधिकारी तोफान बैग ने कहा, जैसे ही लड़की ने आरोपी से बचना शुरू किया, वह दो अन्य लोगों के साथ लड़की के घर गया। दोनों के बीच बहस हुईइसके बाद आरोपी ने उस पर तेज धार वाले हथियार से हमला कर दिया। बैग ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुख्य आरोपी मिलन राणा और उसके सहयोगी जीतू राणा के रूप में की गई है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है। मिलन राणा को आंध्र प्रदेश के विजयनगर से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था, जबकि जीतू राणा को संबलपुर से गिरफ्तार किया गया। बैग ने बताया कि उसे गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपराध में इस्तेमाल हथियार और मोटरसाइकिल तथा मृतका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है।

# मणिपुर हिंसा को लेकर विधानसभा में निंदा का प्रस्ताव लाएगी टीएमसी जोरदार हंगामे के आसार



मणिपुर के मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संग्राम जारी है. अब पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस भी मणिपुर पर प्रस्ताव लाने की तैयारी में है. टीएमसी मौजूदा विधानसभा सत्र में ही मणिपुर पर एक प्रस्ताव लाएगी. जिसकी तारीख बुधवार को तय होने की संभावना है. नियम 185 के अंतर्गत चर्चा के लिए ये प्रस्ताव लाया जाएगा.इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने बताया था कि विधानसभा सत्र को लेकर मंगलवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी. इस बैठक में मणिपुर पर निंदा प्रस्ताव लाने पर चर्चा हो सकती हैपश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार ( 24 जुलाई ) को दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई और इसके बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई. इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, लेकिन इसमें विपक्षी बीजेपी और इंडियन सेक्युलर फ्ंट (आईएसएफ) ने हिस्सा नहीं लिया.या गया कि टीएमसी मणिपुर में जातीय हिंसा पर चर्चा करेगी. तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि मणिपुर की स्थिति और पूर्वोत्तर राज्य जिस मानवीय संकट का सामना कर रहा है, उस पर विधानसभा में चर्चा की जाएगी. तारीख और किस नियम के तहत चर्चा होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है. तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने मणिपुर हिंसा को लेकर कहा, ÷हमने जो वीडियो और तस्वीरें (मणिपुर की स्थिति पर) देखी हैं वे बेहद परेशान करने वाली हैं. पीएम संसद में चर्चा नहीं चाहते. सरकार ध्यान भटकाने का काम कर रही है.बता दें कि, मणिपुर में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से अब तक 160 से अधिक लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं. पिछले कुछ सत्रों से सर्वदलीय बैठकों और कार्य मंत्रणा समिति की बैठकों का बहिष्कार करती रही विपक्षी बीजेपी ने कहा कि वह विधानसभा में मणिपुर पर किसी भी चर्चा का विरोध करेगी.

## बॉर्डर पार कर भारत में घुस आया पाकिस्तानी शख्स

**नई दिल्ली।** पंजाब के अमृतसर से लगी भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर एक पाकिस्तानी शख्स शनिवार को भारत में घुस आया. जिसे बॉर्डर सिक्योरिया फोर्स के जवानों ने तुरंत पकड़ लिया, लेकिन उसके बाद उसे पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप दिया. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, शनिवार सुबह एक पाकिस्तानी नागरिक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस आया था. इसके तुरंत बार बीएसएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया. जांच के दौरान उसपर किसी तरह का संदेह न होने पर पाकिस्तान सुरक्षा बलों को वापस कर दिया गया. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ये शख्स अमृतसर ग्रामीण जिले के कामिरपुरा गांव के पास सीमा बाड़ के आगे पकड़ा गया. जब वह अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर क्रॉस कर भारत के अधिकार क्षेत्र में आ गया तो बीएसएफ के अधिकारियों ने उसे पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की. जिसमें पता चला कि वह भूल से बॉर्डर पार कर गया और भारतीय क्षेत्र में आ गया. इसके बाद मानवीय आधार पर उसे पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप दिया गया. बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब कोई पाकिस्तानी नागरिक गलती से भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया हो. इससे पहले भी कई लोग इस तरह की गलती कर चुके हैं और भारत के भूभाग में आ चुके हैं. इसके पहले 27 जून ही पंजाब के फिरोजपुर से बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने पर गिरफ्तार किया था. ये पाकिस्तानी नागरिक फिरोजपुर के हजारा सिंह वाला गांव के पास अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पार कर भारतीय सीमा में आ गया था. जांच के दौरान पता चला था कि पाकिस्तानी नागरिक ने गलती से भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया था. तब पंजाब फ्रंटियर के पीआरओ ने बताया था कि पाक नागरिक गलती से सीमा के पार आ गया था. उसके पास से कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ. इसके बाद बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तानी रेंजर्स से संपर्क किया. उसके बाद उन्होंने ने पाकिस्तानी नागरिक के भारत में घुस आने पर विरोध दर्ज कराया. इसके बाद इस पाकिस्तानी नागरिक को भी मानवीय आधार पर पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप दिया.



### एक ही दिन में टीएमसी के दूसरे कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को एक दिन के भीतर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। दोनों कार्यकर्ताओं की हत्याओं में कुछ ही घंटों का फासला है। तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता प्रलय मंडल की शनिवार सुबह बिष्णुपुर इलाके में उनके आवास के सामने नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे पहले दिन में, सत्तारूढ़ पार्टी के एक अन्य कार्यकर्ता नांटू गाज़ी की भी उसी क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। दोनों मामलों में, टीएमसी ने ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के कार्यकर्ताओं पर हत्या का आरोप लगाया है। लेकिन, एआईएसएफ ने आरोप को खारिज कर दिया है और कहा है कि ये हत्याएं इलाके में सत्तारूढ़ पार्टी के दो समूहों के बीच अंदरूनी लड़ाई के कारण हुईं।

### संजय राउत का दावा- बीजेपी ने सीएम शिंदे को दी थी पद छीनने की चेतावनी



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि, भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ सहयोगी शिवसेना के सीएम एकनाथ शिंदे को कथित तौर पर धमकी दी थी कि अगर उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से अलग हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार को वित्त एवं योजना विभाग देने से इनकार किया तो उनका पद छीन लिया जाएगा। संजय राउत ने पत्रकारों से कहा कि शिंदे समूह के विधायकों ने 2 जुलाई को आठ अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट को सरकार में शामिल करने का कड़ा विरोध किया था। बाद में शिवसेना का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के शीर्ष नेताओं से मिलने और अजित पवार पर अपनी आपत्तियां व्यक्त करने के लिए नई दिल्ली गया था। राउत ने कहा कि भाजपा नेता मानने के मूड में नहीं थे। उन्होंने शिंदे से दृढ़तापूर्वक कहा कि यदि वह अजित पवार को वित्त और योजना विभाग नहीं देना चाहते हैं, तो शिवसेना इसे संभाल सकती है और इसके बजाय राकांपा नेता को नया सीएम बना सकती है, इसके बाद शिंदे समूह ने कदम पीछे खींच लिए थे। राउत ने आगे कहा कि उन्हें यह जानकारी केंद्र में बहुत विश्वसनीय हलकों से मिली है। लेकिन, जिस तरह से शिंदे शिव सेना के नेता अजित पवार को नए वित्त मंत्री के रूप में नियुक्त करने पर खुशी मना रहे हैं और ताली बजा रहे हैं, वह महज उनकी मजबूरी है।

### 12 करोड़ रुपये की कीमत के 1,500 किलोग्राम गांजा जब्त, दो गिफ्तार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को बेंगलुरु में 12 करोड़ रुपये कीमत के 1,500 किलोग्राम गांजा जब्त किया और एमबीए ग्रेजुएट सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, मामले का मुख्य आरोपी राजस्थान से एमबीए ग्रेजुएट है। दूसरा आरोपी आंध्र प्रदेश का रहने वाला है और बीए ग्रेजुएट है। पुलिस ने कहा कि दोनों लग्जरी लाइफ जीने के लिए ड्रग्स की तस्करी में शामिल हो गए थे। उन्होंने बड़े पैमाने पर स्थानीय स्रोतों से गांजा खरीदा और इसे कई राज्यों में बेचा। आरोपियों ने इसुजु मालवाहक वाहन में एक गुप्त कंपार्टमेंट बनाया था, जिसका इस्तेमाल जंगलों से विभिन्न स्थानों पर गांजा ले जाने के लिए किया जाता था। उन्होंने पुलिस से बचने के लिए गांजा को फ्लिपकार्ट बक्सों में भी पैक किया था और उनके पास वाहन के लिए अलग-अलग पंजीकरण नंबर थे। सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) के अधिकारियों ने आरोपी को पकड़ने के लिए आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में तीन सप्ताह तक ऑपरेशन चलाया। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ चामराजपेट पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज की गई है और एनडीपीएस अधिनियम के कॉलम 20 (बी) (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### यूसीसी पर ओवैसी का बड़ा बयान- विधि आयोग का इस्तेमाल कर रही बीजेपी



**नई दिल्ली।** देश में समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर इन दिनों बहस छिड़ी हुई है. सत्ताधारी दल बीजेपी यूसीसी को लागू करने की तैयारी में है. वहीं, विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं. इस बीच सामान नागरिक संहिता को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र पर तीखा हमला बोलते हुए विपक्षी दलों को भी घेरा है. उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियों को खुद में और बीजेपी में फर्क दिखाना होगा. असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हमारी पार्टी यूसीसी का विरोध करती है और करेगी. इसके नाम पर बहुसंख्यक के मत को हमारे ऊपर थोपने की तैयारी की जा रही है. हमारी पार्टी ऐसा कभी नहीं होने देगी. ओवैसी ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा अगर आप (विपक्षी पार्टियां) बीजेपी को हराना चाहते हैं तो आपको उनसे अलग दिखना होगा. क्या बीजेपी जो एजेंडा सेट बनाती है आप उसी पर चलेंगे. ओवैसी ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह बड़े-बड़े चौधरियों का क्लब है, उसमें ओवैसी का साया भी नहीं पड़ सकता. हम भी बीजेपी को हराना चाह रहे हैं.हमारी पूरी कोशिश 2024 में बीजेपी और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोका जाना है.

### यूपी के 2 प्रवासी मजदूरों की कर्नाटक में संदिग्ध मौत

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले के हनुमंतपुरा गांव में उत्तर प्रदेश के दो प्रवासी मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए।



घटना का खुलासा शनिवार को हुआ। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के नयनपुर निवासी 24 वर्षीय नवाब और 30 वर्षीय रामसंजीवन के रूप में हुई है। वह काम की तलाश में हासन जिले में आए थे। पुलिस के अनुसार, पीड़ित बुधवार को अपने आवास पर सो गए और फिर कभी नहीं उठे। बताया जा रहा है कि उनमें बुखार के लक्षण विकसित हुए और उन्होंने दवा ली। उन्होंने स्थानीय मकान मालिक महेश से किराए का मकान लिया था और बुखार आने के कारण वे दो दिनों से काम से छुट्टी पर थे। वे डॉक्टर के पास गए थे और बुधवार की रात में दवा लेने के बाद सो गए। मकान मालिक ने देखा कि गुरुवार को पूरे दिन मजदूरों की ओर से कोई गतिविधि या आवाजें नहीं सुनाई दी, तो वह शुक्रवार को दरवाजा तोड़कर घर में दाखिल हुआ और पाया कि दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। हसन ग्रामीण पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है और शवों को हासन के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि मौत का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है और वे पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## चिराग पासवान की होगी मोदी कैबिनेट में एंट्री

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ना हुआ हो, लेकिन इसकी बिसात बिछना शुरू हो चुकी है. राजनीतिक दलों ने अपने-अपने मोहरे चलना भी शुरू कर दिए हैं ताकि अपनी जीत को सुनिश्चित कर सकें. या फिर दावेदारी में किसी भी तरह से कोई कोर कसर ना रह जाए. एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के साथ-साथ विदेशों का दौरा कर बीजेपी की जमीन एक बार फिर तैयार कर रहे हैं तो दूसरी तरफ एनडीए की बैठकों के जरिए भी आगे की रणनीति को धार दी जा रही है. इसी कड़ी में अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान के बेटे चिराग पासवान जल्द ही मोदी कैबिनेट का हिस्सा बन सकते हैं. दरअसल 18 जुलाई 2023 को नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस यानी एडीए की एक अहम बैठक आयोजित होने जा रही है. इस बैठक के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चिराग पासवान को बुलावा भेजा है. चिराग पासवान को एनडीए की बैठक में बुलावा भेजने के लिए बीजेपी अध्यक्ष की ओर से बकायदा एक पत्र लिखा गया है. ये पत्र भी अब सोशल मीडिया से तेजी से वायरल हो रहा है. पत्र में लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान को एनडीए की बैठक में आमंत्रित किया गया है.




## प्यार में पाकिस्तान गई अंजू ने जारी किया वीडियो, बोलीं– जल्द भारत लौटूंगी, बॉयफ्रेंड ने शादी को लेकर साफ किया इरा

पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के भारत आने का मामला अभी सुर्खियों में ही है कि अब एक और ऐसा ही मामला सामने आया है. इस बार एक भारतीय महिला अपने प्रेमी से मिलने पाकिस्तान पहुंच गई है. राजस्थान (की रहने वाली इस महिला का नाम अंजू है. 34 वर्षीय अंजू की पाकिस्तानी व्यक्ति नसरुल्ला ) से फेसबुक पर दोस्ती हुई और फिर उसे उससे प्यार हो गया. अंजू शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है. अंजू का जन्म उत्तर प्रदेश के कैलोर गांव में हुआ था और वह राजस्थान के अलवर जिले में रहती थी. वह अब अपने पाकिस्तानी दोस्त नसरुल्ला से मिलने के लिए पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले में है. अंजू ने सोमवार (24 जुलाई) को पाकिस्तान से अपना वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैं जल्द ही भारत वापस लौटूंगी.



**वीजा लेकर पाकिस्तान गई अंजू**–अंजू ने वीडियो में कहा कि मैं वैध वीजा लेकर पाकिस्तान आई हूं. यहां मैं सुरक्षित हूं, मुझे कोई दिक्कत नहीं है. मैं कुछ ही दिन में वापस लौट आऊंगी. मेरी मीडिया से अपील है कि मेरे बच्चे और परिवार को परेशान न किया जाए.अंजू लीगल वीजा लेकर पाकिस्तान गई है. उसके वीजा की अवधि पूरी होने पर 20 अगस्त को स्वदेश लौट जाएगी. ये जानकारी अंजू के पाकिस्तानी मित्र नसरुल्ला ने भी सोमवार को दी. नसरुल्ला ने इसके साथ ही अंजू से प्रेम संबंध होने की दावों को भी खारिज कर दिया.

**नसरुल्ला ने कहा- शादी की योजना नहीं**–पीटीआई के मुताबिक, नसरुल्ला (29) ने कहा कि उसकी अंजू से शादी करने की कोई योजना नहीं है. वहीं पाकिस्तान के दीर जिले के एसपी ने कहा कि 21 अगस्त को अंजू पाकिस्तान से वापस चली जाएगी. हमने उनकी सुरक्षा में पुलिस तैनात की है.

**फेसबुक पर हुई थी दोस्ती**–नसरुल्ला और अंजू की दोस्ती 2019 में फेसबुक के जरिए हुई थी. नसरुल्ला ने कहा कि अंजू पाकिस्तान आई हुई है और हमारी शादी करने की कोई प्लानिंग नहीं है. उन्होंने कहा कि अंजू मेरे घर में परिवार की अन्य महिलाओं के साथ दूसरे कमरे में रहती है.

# सिंधिया की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए नेता प्रतिपक्ष–रसाल सिंह

**अर्पित गुप्ता**
**उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रसाल सिंह ने ग्वालियर में आयोजित कांग्रेस की सभा के दौरान श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा एवं कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविन्द सिंह केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाकर अनर्गल विलाप करने की कड़ी निन्दा की है। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविन्द सिंह द्वारा सिंधिया जी पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि सबसे पहले वे महारानी लक्ष्मी बाई के इतिहास को जाने और फिर आरोप लगाएं। उन्होंने कहा कि दरअसल कांग्रेस को ग्वालियर-चम्बल अंचल में संभावित पराजय से घबराई हुई है यही वजह है कि कांग्रेस के नेता खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की तर्ज पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाकर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं।पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेता डॉक्टर गोविन्द सिंह पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें। उन्होंने कहा कि कमलनाथ की कृपा से खैरात में मिली नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी के अभिमान में यह भूल गए हैं कि जिस केन्द्रीय मंत्री पर आरोप लगा कर वह अपनी फिसलती



सियासी जमीन तलाशने का प्रयास कर रहे हैं उसके सामने कभी डाक्टर गोविन्द सिंह अपनी सियासत बचाने के लिए गिड़गिड़ाया करते थे।पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके परिवार ने व्यक्तिवाद की राजनीति नहीं की उन्होंने हमेशा विचारधारा एवं जनता के सम्मान, न्याय दिलाने एवं विकास और प्रगति एवं जन सेवा का की। उनकी छवि पूरे प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में तथा ग्वालियर-चंबल संभाग में एक स्वच्छ और ईमानदार राजनेता और जनसेवक की है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग की जनता जानती है कि सिंधिया परिवार ने हमेशा जनता को न्याय के लिए संघर्ष किया है। यही वजह थी कि जब कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार ने जनता से चुनाव में किए वादों को पूरा करने से मुंह फेर लिया, तब जन अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए सिंधिया जी ने जनता को चुना और अपनी सरकार को लात मार दी। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि आज केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार पूरे प्रदेश और ग्वालियर-चंबल संभाग के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं। पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई ने अपना सब कुछ जीवन न्यौछावर करने के बाद संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता डॉक्टर गोविन्द सिंह और प्रियंका गांधी महारानी लक्ष्मी बाई को माध्यम बनाकर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस प्रायवेट लिमिटेड कंपनी संभाग की जनता को झूठ बोलकर भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का अपमान करने का जो प्रयास किया जा रहा है, यह ग्वालियर-चंबल संभाग की जनता भी समझती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। उन्होंने कहा की महाराज की छवि राजनेता की नहीं जनसेवक के रूप में है यही वजह है कि कांग्रेस नेता उनकी छवि धूमिल करने के नाकाम प्रयास में जुटे हुए हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस नेताओं के मनसूबों को कभी कामयाब नही होने देंगे।

# बिरसिंहपुर ट्रैक ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार की मौके पर मौत





**पुष्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**बिरसिंहपुर सतना**

सतना बिरसिंहपुर बाइक में सवार हो कर मनीष बर्मा पिता भोला प्रसाद वर्मा निवासी पनगरा तहसील नगोध वार्ड क्रमांक 2 बिरसिंहपुर अपने मामा के यहां रहता था आज सुबह बाइक से कोटर की तरफ जा रहा था पुराना पेट्रोल पंप के पास ट्रक और बाइक की टक्कर होने से मनीष वर्मा मौके में ही मौत हो गई थी सूचना मिलते ही सभापुर पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मनीष को हॉस्पिटल लाया और डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया पोस्टमार्टम के लिए मरचूरी में ले गए सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और चक्का जाम कर दिया मृतक के परिजनों को चक्का जाम हटाने के लिए बिरसिंहपुर तहसीलदार अजीत तिवारी और सभापुर थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा बार-बार समझाइश दे रहे थे की चक्का जाम ना करो लेकिन परिजन नहीं माने सभापुर थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने उच्च अधिकारियों को घटना के बारे में अवगत कराया सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने आसपास के पुलिस थाना के बलको जैतवारा कोटर पुलिस लाइन घटनास्थल के लिए रवाना किया चित्रकूट एसडीओपी भी घटनास्थल में पहुंचे एसडीओपी चित्रकूट आशीष जैन तहसीलदार अजीत तिवारी थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के लगातार समझाने पर परिजन माने हॉरर फनी किए पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई का सब को परिजनों को सौंपा

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज कुमार सरियाम,एडीएम जेपी सैयाम, एसडीएम मेहगांव वरुण अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सामान्य निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियों के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने 28 जुलाई 2023 को जिले में संत शिरोमणि श्री रविदास जी की 'समरसता यात्रा' के समुचित संचालन, विभिन्न व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत पंजीयन की कार्यवाही की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबल योजना अंतर्गत पेंडिंग कैश एवं पेंडिंग पेमेंट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, विकास पर्व, ला?ली बहना योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं/ अभियान, इंटर डिपार्टमेंट समन्वय बिंदु, सहित अन्य समय सीमा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की।

## सावन माह के तीसरे सोमवार की भगवान गैबी नाथ बिरसिंहपुर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



**पुष्पांजली**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**

सतना जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर बिरसिंहपुर में सावन के तीसरे सोमवार श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब भगवान भोलेनाथ के जल चढ़ाने दूर-दूर से लोग बिरसिंहपुर पहुंच रहे हैं आज लगभग 12 से 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान गैबी नाथ के जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की श्रद्धालुओं को गैबी नाथ के जल चढ़ाने में कोई समस्या ना हो इसलिए एसडीओपी चित्रकूट आशीष जैन और सभापुर थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा और बिरसिंहपुर तहसीलदार अजीत तिवारी मंदिर प्रांगण में बैठकर स्वयं निगरानी कर रहे हैं

## नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं :गुड्डू वाल्मीकि

# नपा अधिकारी शासन के आदेश की अवहेलना कर 20 - 25 तारीख के बाद करते हैं वेतन का भुगतान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं,लेकिन भिण्ड जिले की नगर पालिका एवं नगर परिषदों में सफाई कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, यह बात राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू वाल्मीकि ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां साथ ही सफाई कर्मचारियों को शीघ्र वेतन भुगतान करवाने के लिए कलेक्टर सतीश कुमार एस को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगरपालिका भिण्ड एवं जिले की अन्य निकायों में सफाई कर्मचारियों को आज दिनांक तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जिससे सफाई कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा जुलाई के महीने में बच्चों की फीस, किताबें, ड्रेस आदि का खर्च बढ़ जाने पर कर्ज लेने पर मजबूर हैं लेकिन निकाय प्रशासन



का सफाई कर्मचारियों की ओर किसी प्रकार का ध्यान नहीं तथा अधिकारियों द्वारा संचालनालय नगरीय प्रशासन तथा कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त मध्यप्रदेश शासन की आदेश की अवहेलना की जा रही है जिसके अनुसार कर्मचारियों को माह की प्रथम तारीख को वेतन का भुगतान करने के आदेश है,लेकिन नपा भिंड के अधिकारियों द्वारा मनमानी ढंग से कार्य कर वेतन का भुगतान किया जा रहा है। राष्टीय अध्यक्ष ने कहा है अगर शीघ्र समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो उच्च अधिकारियों से शिकायत नगरपालिका भिण्ड के अधिकारियों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर करेंगे।

## जिले की सभी 159 पैक्स में बहुउद्देशीय मॉडल लागू

# जिला सहकारी विकास कमेटी की बैठक संपन्न

**पुस्पाजंली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

**सतना ।** सतना जिले में सभी 159 पैक्स समितियों में बहुउद्‌शीय मॉडल लागू कर दिया गया है। ई-सेवा लागू करने के उद्देश्य से सतना जिले के 5 पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर भी प्रारंभ करा दिए गए हैं । यह जानकारी सोमवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न जिला सहकारी विकास कमेटी की बैठक में दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ0 परीक्षित झाड़े. अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह. उप संचालक कृषि मनोज कश्यप. मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारी केंद्रीय बैंक सुरेश चंद्र गुप्ता. जिला आपूर्ति अधिकारी केके सिंह. जिला प्रबंधक नान दिलीप सक्सेना. उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं के पटनाकर भी उपस्थित थे।समिति के संयोजक के. पटनाकर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सहकारिता आंदोलन के सुदढ़ीकरण और जमीनी स्तर तक पहुंचाने भारत सरकार की चिन्हित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निरंतर समीक्षा के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। जिले में जिन स्थानों पर पैक्स. दुग्ध. मत्स्य. सिंचाई. डेयरी की सहकारी समितियां कार्यरत नहीं है। उन स्थानों के लिए नवीन सहकारी समितियों के गठन का कार्य भी इस समिति के उद्देश्य में शामिल है। बताया गया कि पैक्स कंप्यूटराइजेशन की प्रारंभिक तैयारी के क्रम में जिले की 154 पैक्स के बेसिक डाटा क्रूप्स इंडिया डाटकाम में प्रविष्ट कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालन के लिए 5 पैक्स समितियों को चुना गया है। पैक्स को एलपीजी डिसटीब्यूटरशिप एवं कंजूमर पेट्रोल. रिटेल आउटलेट भी दिए जा सकते हैं। जिले में नवीन पैक्स के गठन के लिए 8 समितियों के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं।

# 75 प्रतिशत से कम खाद्यान्न वितरण के निकायों के जेएसओ को नोटिस

## समय सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

**सतना।** सोमवार को संपन्न समय सीमा प्रकरणों की बैठक में राशन दुकानों से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा प्राथमिकता में रही। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सबसे पहले राशन दुकानों में खाद्यान्न का उठाव वितरण और अन्न उत्सव में खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की। उन्होंने खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ0 परीक्षित झा?. आयुक्त नगर निगम राजेश शाही. अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह. एसडीएम आरती यादव. सुरेश यादव. आर0एन0 खरे. राजेश मेहता. जितेंद्र वर्मा. सुधीर बेक. डिप्टी कलेक्टर धर्मेंद्र मिश्रा. गोविंद सोनी. जनपद के सीईओ. नगरीय निकायों के सीएमओ तथा जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। खाद्यान्न वितरण की समीक्षा में बताया गया कि जिले की राशन दुकानों में जून माह का वितरण 90 प्रतिशत. जुलाई माह का डिस्पैच 72 प्रतिशत हुआ। जिले के 3 सेक्टरों में 818 राशन दुकानों में ट्रांसपोर्टर द्वारा खाद्यान्न पहुंचाया जाता हैं। अन्न उत्सव में जिले में 19 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण हुआ है। रामपुर बघेलान में सबसे कम 53 प्रतिशत ही खाद्यान्न वितरण हुआ है। कलेक्टर ने निकायवार समीक्षा करते हुए 75 प्रतिशत से कम खाद्यान्न वितरण वाले जेएसओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एमडीएम के समूहों को समय पर खाद्यान्न नहीं पहुंचाने के मामले में कलेक्टर ने अगले हफ्ते विकासखंडवार समूहों को कब और कितना खाद्यान्न मिला है। इसकी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# यह शीश कटाने का सौदा नंगे सर झेला जाता है शुक्ला

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

आज लहार जिले के मौ प्रखण्ड के विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये विश्वहिन्दु परिषद के जिला मंत्री सुरेन्द्र शुक्ला भोले ने कहा कि राष्ट्रकार्य ही ईश्वरीय का है । और इस कार्य को वहीं कर सकता है जिसके अन्दर पौरुष पराक्रम सतमार्ग गामी संस्कार बान होगा वहीं राष्ट्र समाज रक्षा कर सकता है बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष श्री रिंकू सिंह यादव उपाध्यक्ष आकाश कुशवाह ने की मुख्य अतिथि



श्री सुरेन्द्र शुक्ला जिलामंत्री रहे विष्टिय अतिथि अतुल सिंह राजपूत रहे अतिथि परिचय प्रखण्ड मंत्री पवन जी राठोर ने कराया अतिथि स्वागत प्रखण्ड संयोजक बजरंग दल सतीष परिहार ने किया जिसमे महेश कुशवाह देवेंद्र कुशवाह उमाशंकर कुशवाह परशुराम कुशवाह अजय परिहार संतोष कुशवाह कृष्ण राठौर नारायण राठौर रिस्की यादव विशाल महेंद्र निहाल प्रजापति अरुण यादव आकाश यादव शिवम यादव विवेक यादव प्रदीप यादव अभिषेक यादव राघवेंद्र यादव उपस्थित रहे बैठक में अमरनाथ यात्रा शौर्य यात्रा त्रिशूल दीक्षा ग्राम समिति निर्माण व षष्ठी पूर्ति बर्ष के निमित्त समयदानी कार्य पर बिस्तार से चर्चा हुये

# थाना सिंहपुर पुलिस की बडी कार्यवाही नाबालिक लडकी के साथ छेड़छाड करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

## श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एसडीओपी महोदय नागौद के मार्गदर्शन में थाना सिंहपुर पुलिस की कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**

घटना का विवरण फरियादिया ने की अपनी मां एवं पिता के साथ उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट लेख कराई कि कल दिनांक 22/07/23 को शाम करीबन 04.00 बजे मैं अपने घर से थोड़ी दूर नरबा के पास बकरी चरा रही थी, वहां पर और कोई नही था, तभी मेरे गांव का रहने वाला अनिल उर्फ वंदे गर्ग पित जगदीश गर्ग मेरे पास आया और बोला कि मोबाइल चलाओगी क्या, तो मैनें मना कर दिया, तब अनिल उर्फ वंदे गर्ग बोला कि मेरे साथ नरबा के नीचे चलों, मैनें मना कर दिया, तो अनिल उर्फ वंदे गर्ग मेरा हाथ पकडकर जबरजस्ती नरबा के किनारे ले गया, मेरा मुंह दबा लिया, मेरा सीना दबा रहा था और मेरी चड्डी उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी मेरे पडौस के रहने वाले बाबा आ गये, तो अनिल उर्फ वंदे गर्ग मुझे छोडकर वहां से भाग गया, लेकिन मैनें बाबा को घटना के संबंध मे कुछ नही बताया, फिर मैं अपने घर चली गई । घर जाकर घटना की सारी बात अपने माता - पिता एवं



बडी मां को बताई थी, फिर मेरे घर के सारे लोग अनिल उर्फ वंदे गर्ग के घर गये थे, जो वह घर पर नही मिला, कही भाग गया था । दिनांक 23/07/23 को फरियादिया अपने माता - पिता के साथ थाना रिपोर्ट करने आई थी, जो फरियादिया की रिपोर्ट पर अप.क्र. 249/23 धारा 354 ता.हि. 7/8 पाक्सो एक्ट, 3(1)(द्व), 3(2) कायम कर विवेचना मे लिया गया । आरोपी अनिल उर्फ वंदे गर्ग पित जगदीश गर्ग निवासी देवरी की तत्काल पता तलास कर दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया व आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को उप जेल नागौद में दाखिल कराया गया । गिरफ्तार आरोपीयों का नाम ङ्क1 अनिल उर्फ वंदे गर्ग पित जगदीश गर्ग उम्र 43 वर्ष निवासी देवरी थाना सिंहपुर जिला सतना(म.प्र.)

**सराहनीय भूमिका**

**: निरी. रोहित कुमार यादव थाना प्रभारी कोठी,उप निरी. शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर ,आर.मोहित प्रजापति,अमितेश जायसवाल,राजेश कोल,सै. धर्मेन्द्र सिंह**

# जिसके भाग्य में जो लिखा है उसे वही मिलेगा : संत शीतल राजारामी



**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू ।** सीरवी समाज एस.एच आर ले आऊट वडेर के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास विराजित संत शीतल राजारामी महाराज ने प्रवचन में कहा की जिसके भाग्य में जो लिखा है। उसे वही मिलेगा और परेशान होने से कुछ अतिरिक्त प्राप्त नहीं होने वाला। सर्वोच्च सत्ता ईश्वर के ही हाथ में है। अत~ यदि वह आपसे नाराज है तो दुनिया की कोई ताकत आपकी मदद नहीं कर सकती। जीवन में शांति पाने के लिए क्रोध पर काबू पाना सीख लो। जिसने जीवन से समझौता करना सीख लिया वह संत हो गया। वर्तमान में जीने के लिए सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त आईएफएस मुख्य वन संरक्षक उमाराम चौधरी ने आईमाता के दर्शन किए व कथा का लाभ लिया । इस मौके पर कथा में सह -सचिव केनाराम मुलेवा सह-कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़ उपाध्यक्ष टीकमराम आगलेचा सचिव मदनलाल राठौड़ मिडिया प्रभारी किशोर राठौड़ सहित समाज के अनेक गणमान्य एवं महिलाएं बालिकाएं व पुरूष मौजूद थे

# अब समय पेड़ काटने का नहीं बल्कि लगाने का है- जेपी अग्रवाल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद चौराहा के वार्ड नंबर 17 में स्थित मुक्तिधाम पर आज मध्य प्रदेश सत्य साई सेवा संगठन जिला ग्वालियर समिति गोहद के जिला सेवा प्रभारी जेपी अग्रवाल के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया7 इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है7 विकासबाद की इस अंधी दौड़ में आज मनुष्य ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जंगलों का विनाश कर दिया है परिणाम स्वरूप जंगलों में रहने वाली अनेकों जीव जंतुओं की प्रजाति आज विलुप्त हो गई हैं एवं पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है जिससे ध्रुवों पर स्थित बर्फ पिघल रही है7 जिसके फलस्वरूप समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और किनारों पर स्थित शहर डूबने की कगार पर आ गए है7 जिससे मनुष्य के अस्तित्व पर भी खतरा उत्पन्न होने लगा है7 इसीलिए सावन के इस माह में मुक्तिधाम पर वृक्षारोपण का यह तीसरा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भिंड जिले की फूड इंस्पेक्टर रीना बंसल रही जिन्होंने भारतीय हिंदू संस्कृति में मोक्ष का स्थल कहे जाने वाले मुक्तिधाम पर वृक्षारोपण की इस पहल को सराहा एवं ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया 7कार्यक्रम के इस मौके पर सेवार्थ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ओपी दीक्षित, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मेजर मनोज पांडे, यूको बैंक से सेवानिवृत्त मैनेजर मोहन लाल अहिरवार, बाल विकास की शिक्षिका मीनू अग्रवाल ,ओमबिता पाल, हर्षित पाल, विनय ओझा ,शिक्षक जितेंद्र सिंह, गोरे बाबू गुप्ता , विजय नरवरिया ,ध्रुव कुशवाह ,रामोतार कुशवाह एवं डॉ ज्ञादीन कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहे




# सीरवी समाज बलेपेट भवन में किया श्री आईजी फिल्म का प्रदर्शन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।**सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट समाज भवन में रविवार को शाम 4 बजे श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष हरीराम गेहलोत सचिव अमराराम चोयल कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा,पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल गेहलोत एवं सीरवी महासभा कर्नाटक के अध्यक्ष वीरमराम सोलंकी महासभा महिला विंग लीलाबाई, महिला मंडल के अध्यक्ष भंवरीबाई सचिव रेखाबाई सहित सेवासंघ के सदस्य कार्यकारिणी सदस्य सांस्कृतिक कमेंटी के सदस्य एवं गेर मंडल के सदस्य समेत समाज के गणमान्य उपस्थित रहे । इस मौके पर श्री आईजी फिल्म के निर्माता भंवरलाल चोयल निर्देशक हेमन्त चोयल गीतकार लखन चौधरी सह निर्माता-गौतम चोयल आर्टिस्ट किशन सिंह का राजस्थानी परंपरागत साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में बालक बालिकाओं महिलाओं व पुरूषों ने फिल्म को देखा। संस्था के सचिव अमराराम चोयल ने बताया की बलेपेट समाज भवन परिसर दर्शको से पुरा खचाखच भर गया । दर्शकों ने खड़े रहकर भी फिल्म को पुरा देखा। उन्होंने बताया की इस फिल्म को सह परिवार देखना चाहिए ओर खासकर बच्चों को अवश्य दिखाना चाहिए। इस फिल्म में बेटी माता पिता के विरूद्ध शादि कर लेती है । जिसमें बाद में उसको काफी दुःख पड़ता है । फिर वो अपने वापस अपने माता पिता के पास आकर अपनी गलती का अहसास जताती है । इस फिल्म से समाज के युवाओं को कुछ सिखना चाहिए और उन्होंने कहा की बच्चों को सही कपडे पहनना चाहिए।कपडे ऐसे पहनना चाहिए जिससे समाज में अच्छा लगे। ज्यादा दिखाना नही करना चाहिए।



# वर्षाकाल में सड़कों की मरम्मत के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** वर्षाकाल एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने, सड़कों की मरम्मत के लिये लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने एक नोडल, दो सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। नोडल अधिकारी आम जनता से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण भी करेंगे। क्षतिग्रस्त भाग पुल-पुलियों रपटों की मरम्मत संबंधी तत्काल कार्यवाही करेंगे।जिन अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी बनाया है, उनमें एच.सी. सूत्रकार अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 01 भिण्ड को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, इनका मोबाइल नंबर 9752555879 है। उप संभाग क्र. 01, 02 भिण्ड एवं मेहगांव के लिये सहायक नोडल अधिकारी के रूप में पी.के. शर्मा अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 02 भिण्ड को नियुक्त किया है, इनका मोबाइल नंबर 9826377287 है। उपसंभाग लहार, सड़क लहार एवं गोहद के लिये पी.के. द्विवेदी अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. उपसंभाग सड़क लहार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, इनका मोबाइल नंबर 9826512087 है। उक्त जानकारी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग भिण्ड द्वारा दी गई है।

# तीन दिन बाद हिटेची से कुएं से निकाला गया सांड, नगर पालिका ने नहीं की मदद

**मुरैना।** कुशवाहा धर्मशाला के पास बिचोला रोड अम्बाह पर 3 दिन पहले पुराने कुआं में एक सांड गिर गया था स्थानीय लोगों ने उसे निकालने के प्रयास किए किंतु उसे निकाला नहीं जा सका, जिसके बाद इसकी सूचना नगरपालिका को दी गई। नगरपालिका कर्मचारी उक्त सांड को निकालने के लिए मौके पर आए और सांड़ को निकालने से साफ मना कर दिया और कहा कि इस कार्य के लिए प्राइवेट कर्मचारी आएंगे। प्राइवेट कर्मचारियों का नाम पता भी नगरपालिका के कर्मचारियों ने बताया जिसके बाद स्थानीय विकास सिंह तोमर ने खुद की जेब से 2000 रुपये देकर एवं 700 की रस्सी मंगाकर प्राइवेट लोगों से यह कार्य कराया। जानकारी के मुताबिक तीन दिन पूर्व एक सांड़ कुआं में गिर गया था। कुआं के एक हिस्से में मिट्टी रहने के कारण करीब तीन दिन तक वह सुरक्षित रहा। आसपास के लोग उसके भोजन के लिए ऊपर से ही पुआल आदि डालते रहे। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मना करने पर प्राइवेट कर्मचारी आए, जिन्होंने दो हजार रुपये लेकर स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद सांड को सुरक्षित निकाला। स्थानीय लोगों का कहना था कि नगरपालिका ने उनकी कोई मदद नहीं की बल्कि इस कार्य को कराने के लिए मोहल्ले के विकास सिंह तोमर ने मानवता के नाते 2000 रुपये दिए तब सांड़ को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



## पी एच ई कार्यालय पर प्रदर्शन कर ताला लगाया

# 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना होगा शुरू





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**भिण्ड।**एरियर भुगतान की मांग एवं वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए सैनटर आफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू ने 21 जुलाई को समाचार पत्रों एवं मीडिया के माध्यम से घोषणा की कि 24 जुलाई को दोपहर 2 बजे लोकस्वास्थ्य यात्रिक विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन कर तालाबंदी की जायेगी पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सीटू नेताओ ने पी एच ई कार्यालय पर 30 मिनिट तक तालाबंदी के साथ नारेबाजी करते रहे जब अधिकारी नहीं आये 7 सूत्रीय क्षापन कार्यालय के गेट पर चस्पा कर दिया आज के आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विनोद सुमन एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने किया गेट में ताला जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने लगायासीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने आगे बताया कि आन्दोलन के दौरान पम्प ड्राइवर जयप्रकाश ने बताया कि एक पोस्ट के लिए तीन तीन वेतन पे ग्रेड चल रही है कुछ कर्मचारी को 1900 तो कुछ को 1500 कुछ को 1300 का भुगतान किया जा रहा है ऐसा भ्रष्टाचार के कारण पी एच ई कार्यालय में ही सम्भव है अन्य विभागों में एक पोस्ट एक वेतनमान होता हैअनुकम्पा नियुक्ति सोनू बाल्मीकि ने बताया उसे 8 महा से मानदेय नहीं मिला हैसीटू जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि यदि 31 जुलाई तक एरियर सहित अन्य मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 1 अगस्त से लोकस्वास्थ्य यात्रिक विभाग कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जायेगा क्योंकि आज अधिकारी कार्यालय छोड़कर भाग गए लेकिन अनिश्चितकालीन धरना शुरू होगा तो वह कितने दिन गायाब रहेंगेआज आन्दोलन का नेतृत्व करने वाले जिला अध्यक्ष विनोद सुमन जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा नरेंद्र सिंह सेंगर जयप्रकाश श्रीकृष्ण वाल्मीकि सुमेर जैन सालिगराम लल्लू दुबे रामप्रकाश वाल्मीकि आदि ने किया

## देशप्रेम के विचार को व्यवहार और कार्य में लाना होगाः सुधीर आचार्य

# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर 9 साहित्यकारों एवं समाजसेवियों को मिला विचार क्रांति सम्मान-2023

**मुरैना।** लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मां सरस्वती आवासीय विद्यालय न्यू बृजधाम कॉलोनी में संपन्न हुई, आज़ादी के अमृत महोत्सव बेला के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्य परिषद के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री जगदीश गुप्त थे, अध्यक्षता जौरा नगर परिषद के अध्यक्ष अखिल महेश्वरी ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के विभाग कार्यवाह संजीव मिश्र रहे। विशिष्ट अतिथियों में साहित्यकार और समाजसेवी मंचासीन थे। मां शारदे की पूजन अर्चन और वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत सत्कार विद्यालय के संचालक रमेशचंद शर्मा एवं घनश्याम शर्मा के द्वारा किया गया।मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुरैना के विभागकार्यवाह संजीव मिश्र ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें अमृत महोत्सव मनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि यहां पर बैठे हुए अधिकांश लोगों का जन्म आजादी के बाद ही हुआ है। अतः हम सभी खासकर युवा पीढ़ी को यह जानना आवश्यक है कि यह आजादी हमें कैसे मिली सिर्फ गाना दे दी हमें आजादी बिना, खडड़ बिना ढाल सुनकर अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि आजादी इस प्रकार मिली होगी। अनेकों नौजवानों ने देश को आजाद कराने के लिए अपने जीवन की आहुतियां दी, यातनाएं झेलीं जिन की कल्पना नहीं की जा सकती, तब जाकर आजादी हमें मिल पाई है। इसलिए हमें हमारे शहीदों को स्मरण करते रहना चाहिए। यह अवसर हमें आजादी महोत्सव के रूप में मिला है। इस समय सम्पूर्ण भारत वर्ष में छत्रपति शिवाजी महाराज का 350 वां राज्याभिषेक महोत्सव भी चल रहा है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में से समाजसेवी सुधीर आचार्य ने कहा कि विचार क्रांति के साथ व्यवहार क्रांति की जरूरत है, देश प्रेम का विचार हमारे व्यवहार और कार्य में आना चाहिए। इस क्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें जो बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। भाषा अध्ययन एवं साहित्य सृजन शोध केंद्र जौरा की ओर से विचार क्रांति सम्मान 2023 से सम्मानित होने वाले व्यक्तित्व सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ग्वालियर, दुष्यंत दीक्षित ग्वालियर, श्रीमती नीलम, जगदीश गुप्त ग्वालियर, समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य अम्बाह, आनंद त्रिवेदी मुरैना, अरविंद पाराशर जौरा को नगर परिषद अध्यक्ष माहेश्वरी एवं मुख्य अतिथि गुप्तजी एवं संजीव मिश्र के द्वारा सभी को विचार क्रांति सम्मान 2023 से सम्मानित करते हुए स्मृतिचित्र शॉल-श्रीफल एवं तुलसी का पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कवि अखिलेश शर्मा अखिल द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन घनश्याम शर्मा द्वारा किया गया।



# चित्रकूट में वायरल वीडियो पर मानसिक रुप से विक्षिप्त वृद्ध के साथ वाहन से टक्कर मारने मारपीट कर , गाली गलौज करने ,जान से मारने की धमकी एव वाहन के द्वारा अपरहण करने के मामले मे 04 अरोपियो को गिरफ्तार कर, भेजा सलाखो के पीछे

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**

थाना क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने एवम अपराध की रोकथाम करने के सम्बन्ध मे सोशल मीडिया मे वायरल वीडियो पर तत्काल संज्ञान लेते हुए श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन, श्री आशीष कुमार जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.) के मार्गदर्शन एवम थाना चित्रकूट प्रभारी श्री उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश त्वरित कार्यवाही करते हेतु मानसिक रुप से विक्षिप्त वृद्ध के साथ वाहन से टक्कर मारने ,मारपीट कर , जान से मारने की धमकी एवम वाहन से विक्षिप्त बृद्ध को अपरहण करने वाले आरोपियो की पता तलाश करने हेतु टीम गठित की गयी । मामले के सभी आरोपियो को अलग - अलग जगहो से गिरफ्तार कर , भेजा गया जेल



### *घटना का विवरण*

दिनांक 23/07/23 को चित्रकूट में मानसिक रुप से विक्षिप्त वृद्ध के साथ वाहन से टक्कर मारने मारपीट कर , गाली गलौज करने ,जान से मारने की धमकी एव वाहन के द्वारा अपरहण करने के मामले मे वायरल वाडियो पर तत्काल संज्ञान लेते हेतु फरियादी प्रमोद कुमार द्विवेदी पिता भागवत प्रसाद द्विवेदी उम्र 35 वर्ष निवासी रामेश्वरम कालोनी सदगुरु सेवा संस्थान जानकीकुण्ड थाना चित्रकूट जिला सतना की निशादेही मे फरियादी के चाचा तुरंती दास उर्फ बब्बू द्विवेदी पिता रामेश्वर द्विवेदी उम्र 62 वर्ष निवासी निर्मोही अखाड़ा रामघाट को पीछे से यूपी 70सीपी 6757 टक्कर मारना एवम डण्डे से मारपीट करना एवम गौली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देना एवम वाहन से मानसिक रुप से विक्षिप्त वृद्ध को अपहरण करना की रिपोर्ट किया गया ।उपरोक्त की रिपोर्ट पर अप क्र.163/23 अपराध 279,337,323,294,506,365,34 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।जो आरोपीगणो की पता तलाश की गयी। आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेजा गया ।

### *नाम आरोपीगण*-

1 .उमांशू उर्फ प्रीतू भदौरिया पिता बृजेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी जानकीकुण्ड ,चित्रकूट
2.बहोरी यादव पिता लखन यादव निवासी जानकीकुण्ड यात्रिका मैनेन्जर चित्रकूट थाना चित्रकूट
3. शिवम सिह पिता फूल सिहं उम्र 22 साल निवासी जानकीकुण्ड थाना चित्रकूट जिला सतना म.प्र,
4. राहुल कुशवाहा पिता राकेश कुशवाहा उम्र 24 साल निवासी हाल यात्रिका जानकीकुण्ड थाना चित्रकूट

उपनिरी. अभिषेक पाण्डेय थाना प्रभारी चित्रकूट , सउनि एस.पी. बागरी , प्र. आर 752 श्यामलाल ,आर 894 गणेश विश्वकर्मा , आर 978 विनोद द्विवेदी ,आर 391 संतोष कुमार , आर 312 संतोष राय ,आर 18 दिनेश भावर आर 1094 विकास पाल ,आर1015 विपिन गुर्जर ,आर 326 दीपक मिश्रा ,प्र.आर चालक 306 दिनेश कुमार

# मणिपुर हिंसा के विरोध में गांधीवादियों ने उपवास रख की प्रार्थना

**जौरा।** मणिपुर में महिलाओं पर हुई हिंसा किसी भी सभ्य समाज को कलंकित करने एवं मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। घटना के बाद से देश के अधिकांश नागरिक लज्जित है एवं इससे विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा है। उक्त उद्गार गांधी सेवा आश्रम में मणिपुर की घटना के विरोध में उपवास कार्यक्रम के उपरांत प्रार्थना सभा में वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शुक्ला ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देशभर में गांधीवादी संस्थाएं मणिपुर घटना के विरोध में एक दिन का उपवास कर मामले के दोषियों को दण्डित करने की मांग कर रही हैं। इसी क्रम में आज गांधी सेवा आश्रम के कार्यकर्ताओं ने उपवास कर शाम को डॉ.एस.एन.सुब्बाराव की समाधि पर दीप एवं मोमबत्ती प्रज्वलित कर प्रार्थना सभा की। प्रार्थना सभा में वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा देश जब कभी गंभीर समस्या में घिरकर गहरी हताशा में होता हैं, तब महात्मा गांधी एवं डॉ. सुब्बाराव जैसी महान आत्माएं हमारा मार्गदर्शन करती हैं। इसीलिए हम आज डॉक्टर एसएन सुब्बाराव की समाधि पर प्रार्थना सभा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हमारा विश्वास है कि मणिपुर की अमानवीय घटना से उपजे सवाल एवं अपराध के अंधेरों से महापुरुषों की आत्मा हमें जरूर बाहर निकालेंगीं। प्रार्थना सभा में गांधी सेवा आश्रम एवं युवा योजना के सदस्य एवं कार्यकर्ता शीतल भाई जैन, संजय वर्मा, सचिन सिकरवार, मनीष जैन, मुनेश भाई, जगदीश राणा, रामप्रसाद, मुन्नालाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, अजेश कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# सरायछौला पुलिस ने गिरफ्तार किया विगत 5 वर्षो से फरार स्थाई वारन्टी



**मुरैना।** सरायछोला पुलिस ने विगत 5 वर्षो से चेक बाउन्स मामले में फरार चल रहा था। जिसे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जलगॉव से गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंहं चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला मुरैना के अंतर्गत इनामी फरारी स्थाई वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना सरायछौला पुलिस को माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरैना के प्र.क्र.294/17 में दिनांक 24 अप्रेल 2016 से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी को जिला जलगाँव महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त स्थाई वारन्टी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सरायछौला उनि अविनाश सिंह राठौड, प्र.आर. विनोद, आर. रामलक्ष्मण की सराहनीय भूमिका रही।

कहीं प्यार का इज़हार तो कहीं इज़्ज़त की जा रही तार तार

# मणीपुर, बंगाल, यूपी या हो गुजरात, पूरी मानवता शर्मसार,हमारे देश में पिछले महीनों से

कुछ इस तरह की अप्रत्याशित घटनाएं घटित हो रही हैं जिनके केंद्र बिंदु में महिलाओं के किरदार देखे जा रहे हैं। इन किरदारों को हमारे समाज ने ही गाहे बगाहे गड़ दिया है। अब जब मीडिया और सोशल मीडिया ने इन्हें वायरल किया तो प्रतिक्रियाओं का आना स्वाभाविक ही था। जहां एक पाकिस्तानी महिला जो पति को छोड़कर कर अपने चार बच्चों के साथ भारत में प्रेमी सचिन के पास आई तो यह खबर इतनी वायरल हुई कि इसने देश के सभी गंम्भीर मुद्दे पीछे कर दिए। वहीं मणिपुर की घटना ने तो देश और दुनिया को हिला कर रख दिया। फिर भी इसे दबाने और रोकने के या इसकी गंभीरता को कमतर करने के प्रयास ही अधिक किये गए हैं।

इन सभी घटनाओं में चौंकाने वाला पहलू यह है कि महिला एंकरों द्वारा इन मुद्दो को अहम बनाना, खुद ही जज बन जाना और चटकारे लेकर चर्चा करना यह सब किया जा रहा है।हम देख रहे हैं कि पहले ज्योति मौर्य / आलोक मौर्य प्रकरण में आलोक मोर्य को बेचारा बना दिया गया। ज्योति मौर्य स्वार्थी के रूप में नजर आई। यहां मनीष दुबे की चर्चा ना के बराबर रही। जबकि शादीशुदा जिंदगी में बेवफाई तो उसने भी की और पीड़ित तो उसकी पत्नी भी है। उसकी पत्नी को किसी ने भी इंटरव्यू के लिए चटपटा मसाला नहीं समझा।यह विवाद थमा भी नहीं था कि एक और महिला पाकिस्तान से मोहब्बत का ढोल पीटते हुए आ जाती है। जिसका कहना है की उसे भी अपने पति से नहीं बल्कि भारत के सचिन से प्यार है । फिर भी उसके 4 बच्चे हैं। उसने पति की मार खाई,तब उसमें अपने पर हुए अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की हिम्मत नहीं थी लेकिन अब सचिन की मोहब्बत ने उसमें इतना



जोश भर दिया कि वह चार बच्चों के साथ तीन देश पार करते हुए भारत आ गई। सीमा आज सचिन के लिए बावड़ा है तो अपने पाकिस्तानी पति के लिए बेवफा बन गई। उसका भरोसा तो देखो कि सचिन के पास आने के लिए सीमा ने कई देशों की सीमा पार कर ली। कट्टरपंथी पाकिस्तान में पब्जी खेलते खेलते उसने इश्क का खेल भी शुरू कर दिया और एक नायिका की तरह खुद को हमारे देश के सामने प्रस्तुत करने का ढोंग कर रही है। क्या वह पाकिस्तान में और अपने पति की नड़रों में खलनायिका नहीं है..ड़हमारे यहां तो ग्रेजुएट को भी इतना ज्ञान नहीं होगा कि पासपोर्ट कैसे बनते हैं और उसने 3, 4 पासपोर्ट बनवा लिए। जिसके खाने के ठिकाने नहीं थे उस महिला के पास दो-तीन मोबाइल हैं और कई सिम पा गई है। हमारे हिंदुस्तान में उर्दू इतनी रच बस गई है कि बिना दो-तीन शब्दों के इस्तेमाल के हमारा वाक्य पूरा नहीं होता और उसकी जुबान पर उर्दू लफ्ज़ नहीं आता। फिर भी मेरे देश की मीडिया को सीमा में मुमताज तो कभी हीर तो कभी लैला नजर आ रही है। यहां भी सचिन की कोई हैसियत नहीं है।    इससे निकले तो देश का गौरव चंद्रयान-3 की महिलाओं पर भी कथित महिला चिंतकों की नजर पड़ गई। फिर क्या था उनकी प्रतिभा गौण हो गई। उनके कार्यक्षेत्र की चुनौतियां परखने के स्थान पर उनके श्रंगार और वेशभूषा पर ही टिपण्णीयां हर  सोशल मीडिया की साइट पर घूमती हुई नजर आई।हर कथित महिला हितचिंतक ,बुद्धिजीवी की नजर और विचार इन महिलाओं के माथे पर कुमकुम, साड़ी, गले में मंगलसूत्र, ब्लाउज तक सीमित रही।क्या चंद्रयान-3 के अन्य वैज्ञानिकों की वेशभूषा , उनकी परिवारिक पृष्ठभूमि, उनके कार्यक्षेत्र की दुश्वारियों पर चर्चा नहीं की जाना चाहिये। अपने कार्य में विलक्षण इन महिलाओं की व्यक्तिगत जीवन शैली क्या है के स्थान पर चुनौतिपूर्ण कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा अपनी योग्यता से समाज और राष्ट्र के विकास में उनके योगदान पर चर्चा होती तो क्या ही बेहतर बात होती। टीम के  साझा प्रयास से भारत के सपनों को साकार करने वाले सभी वैज्ञानिकों को मीडिया फुटेज देता। लेकिन महिलाएं इजी टारगेट हैं।मणिपुर में भी अपना उद्देश्य पूर्ण करने महिलाओं को टारगेट किया गया। शर्मनाक घटनाओं से हम अब अव्यवस्था और बर्बरता की ओर कूच करने लगे हैं। ऐसी घटनाओं के कई चश्मदीद गवाह होते हैं। बाद में नाराजगी जाहिर भी करते हैं। समाज, आयोग, राजनैतिक पार्टी, एनजीओ, न्यायिक महकमा सभी सक्रिय होते हैं, लेकिन घटना के घटते वक्त सब मूक बधिर हो जाते हैं। पुरुषों की बर्बरता की शिकार महिलाओं को सिर्फ दैहिक उत्पीड़न से ही नहीं मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक उत्पीड़न से भी गुजरना पड़ता है। निंदा प्रस्ताव पारित करने वाला समाज, आक्रोश जाहिर करने वाला समाज आगे बढ़कर पीड़ित को घटना के समय या बाद में सुरक्षा उपलब्ध कराने के स्थान पर मीडिया ट्रायल और प्रशासनिक प्रक्रिया में स्वयं ही न्यायधीश बैठता है। इस तरह की घटनाओं पर सरकारें और तंत्र जब तक जागता है तब तक मीडिया अपने टीआरपी के टूल के रूप में पीड़ित का भरपूर दोहन कर चुका होती है। यहां तक कि कई बार तो पीड़िता और परिवार की पहचान उजागर कर उनकी आने वाली कई पीढ़ियों का जीवन दुष्कर बना दिया जाता है। मणिपुर, मध्यप्रदेश, राजस्थान, यूपी, छत्तीसगड़ हो या पश्चिम बंगाल - जब महिलाओं की ख्याति से, प्रतिभा से, योग्यता से उनसे या उनके परिवार से जीतना संभव ना हो तो यह पुरुष समाज उनका चारित्रिक चीर हरण कर, वस्त्र अनावरण कर उसके देह का प्रदर्शन, उसे लज्जित कर उसकी अना पर आक्रमण करता है।

लचर सिस्टम के चलते आज भी भारत में 100 में से 25 केस ही उजागर हो पाते हैं। समाज के इसी रवैए के चलते महिला या परिवार स्वयं ऐसी घटना का उल्लेख करना भी उचित नहीं समझते। उजागर केस में से 50त्न पुलिस में दर्ज होते हैं और उसमें भी अगर फरियादी गरीब और प्रतिवादी रसूखदार हो तो केस थाना स्तर पर ही दबाव या समझौते की भेंट चढ़ जाते हैं। अगर सामाजिक दबाव के चलते पुलिस को मामले की पड़ताल करनी भी पड़े तो पश्चिम बंगाल की तर्ज पर ना तो कोई सुबूत होता है और ना ही कोई चश्मदीद। चटकारे लेने वाला समाज तो सिरे से गायब हो जाता है। मृत समाज और सिस्टम से न्याय की आशा हो तो घटना की पुनरावृत्ति ना हो। यहां सारे सिस्टम में स्त्री को टारगेट करने का टूल सिर्फ चाल और चरित्र है। स्त्री देह के प्रति समाज का दृष्टिकोण जब तक नहीं बदलेगा तब तक समाज में इन घटनाओं से कोई सबक नहीं लेगा। क्यों आखिर क्यों क्यों नहीं महिलाओं को भी सामान्य इंसान समझतेड़ अरे जज करना है तो सीमा की एक बेहतर जासूसी ट्रेनिंग को जज करो । कि इतनी मीडिया को कितने आत्मविश्वास के साथ सहज ही हैंडल कर रही है। उसकी ट्रेनिंग कितनी परफेक्ट है। हमारे यहां तो इतने इंटरव्यू अगर किसी नेता या अधिकारी के हो जाए तो अभी तक वह जाने कितने विवादास्पद बयान दे चुके होते । जज करिए सचिन को जो एक विदेशी महिला जिस पर जासूस होने का हंड्रेड परसेंट शक है उसके और उसके चार बच्चों को न सिर्फ झेल रहा है, बल्कि हिंदुस्तानी मीडिया से भी रूबरू हो रहा है । उसके चेहरे पर कोई खुशी क्यों नहीं है ड़ कोई दवाब तो नहीं हैड़ ढूंढिए मनीष दुबे को। पूछिए ! क्या वह अपनी शादीशुदा जिंदगी से इतना ही नाखुश था ड़ क्यों उसने भी अपनी पत्नी को धोखा दिया ड़ एक तरफा जजमेंट मत दीजिए । और हां स्त्रियों को मोहरा मत बनाइए। शर्म आती है हमें कि हम आज 2023 में खड़े हैं लेकिन हम इंसान हैं या नहीं। शर्म आती है हमें जब हम मणिपुर की घटना के बारे में जानते हैं कि क्या वहां इंसान बसते हैं।

महिलाओ को टूल नहीं इंसान समझिये.

**परिचयः संगीता गुप्ता गर्ग**

**साहित्यकार, लेखिका, समाजसेवी, राजनीति में सक्रिय। जनार्दन शर्मा साहित्य स्मृति सम्मान से सम्मानित। 25 जुलाई को जन्म दिवस भी है।..**

## मंदिरों की सूची बनाकर नेटवर्क बनाने की मोहन भागवत की बात नयी नहीं, 60 के दशक में राम मनोहर लोहिया ने भी दिए थे सुझाव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार 22 जुलाई को बनारस के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में इंटरनेशनल टेंपल्स कन्वेंशन और एक्सपो का उद्घाटन किया. उसी समय अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंदुओं को अपने आसपास के छोटे-बड़े मंदिरों की सूची बनानी चाहिए और एक-दूसरे से संपर्क स्थापित रखना चाहिए. इसमें बड़े मंदिरों को भी आगे बढ़कर उनका हाथ थामना चाहिए. संघ प्रमुख के बयान के बाद से ही इस पर राजनीतिक चर्चा शुरू हो गयी है और लोग अपने-अपने हिसाब से इसका मतलब और संदर्भ खोज रहे हैं.संघ प्रमुख के इस बयान के पीछे 2024 के चुनाव के पीछे की रणनीति हो भी सकती है और नहीं भी. जिस तरह का उनका बयान मंदिरों को लेकर है, ऐसी मांग कोई पहली बार नहीं की गई है. 1960 के दशक में तो खुद राम मनोहर लोहिया ने यह मांग की थी. उन्होंने कहा था कि तीर्थों को साफ करो, हिंदू मंदिरों को साफ करो, नदियों को साफ करो. संघ को चूंकि हिंदुत्व और हिंदुओं से संबंधित माना जाता है, तो यह कोई नयी रणनीति हो सकती है, लेकिन इसमें कोई बहुत नयी बात नहीं है.भारत में दो तरह के मंदिर हैं, खासकर उत्तर भारत में अगर देखें तो. काशी का विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन का महाकाल मंदिर इसका अपवाद है, जहां सरकारी प्रशासक की नियुक्ति हो चुकी है, देखभाल हो रही है, लेकिन अधिकांश मंदिर जो हैं, वे या तो ट्रस्ट के हैं, समाज के हैं या फिर गांव-ग्राम के हैं. कहीं न कहीं इन मंदिरों के जरिए हिंदुत्ववादी विचारधारा को इकट्ठा करने की संघ प्रमुख की कोशिश हो सकती है. यह तो लोहिया जी ने भी कहा था, संघ प्रमुख भी उसी राह पर हैं तो कहा जा सकता है कि यह एक अच्छी पहल ही है. ऐसा सोचा जा सकता है कि यह प्रयास मोदी के लिए तीसरी बार जनादेश मांगने हेतु वोट जुटाने के लिए किया जा रहा है. हालांकि, आप संघ के किसी भी नेता-कार्यकर्ता से बात करेंगे तो वह इनकार कर देंगे, लेकिन यह एक तरीका हो सकता है, हिंदू वोटों को एकजुट करने का.अब संघ किस तरह की फील्डिंग सजाता है और भाजपा उस पर किस तरह की बैटिंग-फील्डिंग करती है, यह देखने वाली बात होगी. चुनाव से पहले किसी भी तबके से इस तरह के बयान अगर आते हैं, वह केवल संघ प्रमुख की बात नहीं है, चाहे वह मस्जिदों से आए, चर्च से आए या किसी भी धार्मिक तबके से आए, उसको राजनीति से तो जोड़ा ही जाएगा.हमारे जीवन में, समाज में, राजनीति इस तरह पैबस्त है कि उसके बिना किसी बयान की हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं, हालांकि यह केवल राजनीतिक बयान नहीं है. यह मंदिरों को एक तौर पर इकट्ठा करने की कोशिश है. मस्जिदों और चर्चों से जैसे मुस्लिम और ईसाई समाज चालित होता है, उस तरह मंदिरों से हिंदू नहीं होता. मंदिरों में जाना बिल्कुल यादृच्छिक है. यानी, आप हिंदू हैं तो मंदिर जाएं या न जाएं, यह आपके ऊपर है. वह अनिवार्य नहीं है.फिर, मध्यकाल में आप देखें कि मंदिरों पर जो हमले हुए, वह इसी कारण हुए कि वे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के केंद्र होते थे. आरएसएस हिंदुत्ववादी दर्शन को संपुष्ट करना ही चाहता है, इसलिए मंदिरों को भी वह संगठित करना चाहता है, कर रहा है. हां, चुनाव के पहले इस तरह का बयान आ रहा है तो इसमें राजनीति तो देखी जाएगी ही, भले ही उसमें राजनीति हो या न हो. लचीला और परिवर्तनकामी हुआ है संघसंघ, खास तौर पर मोहन भागवत की अगुआई में, लचीला हुआ है. पहले विधर्मियों की बात होती थी, विधर्मियों के आक्रमण से जूझने या उन पर आक्रमण करने की बात होती थी. अभी ए  साल पहले संघ प्रमुख यह कह चुके हैं कि भारत में रहने वाले सभी लोगों का जीन एक है, गुणसूत्र एक है.संघ भी अब बदल रहा है. कई बार इसी कारण संघ के पुराने कार्यकर्ताओं में भ्रम या संदेह की स्थिति भी आती है, तनाव भी होता है. पुराने कार्यकर्ता यह कहते हैं कि एक ट्रेनिंग में तो प्रतिकार की बात होती है, दूसरी में कह दिया जाता है कि सब एक ही हैं. हो सकता है, समंजन और नियोजन का यह संघ का प्रयास हो.हालांकि, वीर सावरकर ने तो इनसे भी पहले यह कह दिया था कि भारत में रहने वाले सभी हिंदू हैं. कोरोना काल में जब पूरी दुनिया में बंदी हुई थी, तो हरेक समुदाय अपने मजहबी या रिलिजस स्थलों की देखभाल कर रहा था, लेकिन हिंदू या सनातनी समाज ने मंदिरों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया था. पुजारी चूंकि अधिकांशतः सवर्ण होते हैं, उन पर वर्तमान व्यवस्था में वैसे भी कोई ध्यान देनेवाला है नहीं. ऐसे माहौल में विश्व हिंदू परिषद ने ही उनकी याद दिलाई और जहां तक संभव हो सका, राहत सामग्री भी पहुंचाई.जहां तक राजनीति की बात है, तो सोचना चाहिए कि जो हिंदू मानस है, उसमें ऐसे बयानों से कोई खास फर्क नहीं पड़ता है. हमें यह भी सोचना चाहिए. हालांकि, यह कोशिश है इनको रिझाने की. जहां तक विधर्मियों की बात है तो संघ प्रमुख कह ही चुके हैं कि सबका जीन, सबका गुणसूत्र एक ही है. तो, यह बयान सिर्फ राजनीतिक है, ऐसा भी नहीं मानना चाहिए. आपको याद होगा कि 2018 में संघ का तीन दिवसीय सम्मेलन हुआ था. उसमें %समाज की तरफ से आए और समाज को पूछे जानेवाले सवालों पर चर्चा और मोहन भागवत का व्याख्यान हुआ था. तीसरे दिन सवाल और जवाब का सत्र था. उसी में एक सवाल के दौरान उन्होंने यह कहा था कि संघ को जड़ संगठन न समझा जाए, संघ भी समाज की तत्कालीन परिस्थितियों के हिसाब से अपनी चीजें तय करता है और बदलता है.वैचारिक संघर्ष एक अलग बात है, लेकिन अब सशस्त्र संघर्ष की बात तो कोई संगठन कर भी नहीं सकता. मंदिरों को साथ लाना हो, या उनकी सूची बनानी हो, यह तो सीधे तौर पर हिंदुत्ववादी एजेंडे को ही आगे बढ़ाना है. इस बयान को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए. कहना चाहिए कि हिंदुत्व की बात करते हुए भी बाकी के साथ संतुलन साधना ही मोहन भागवत के इस बयान का सार है.

## आम आदमी पार्टी को कांग्रेस का समर्थन मिलने पर पार्टी के दिल्ली नेताओं में क्यों इतनी घबराहट?

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी दलों की तरफ से रणनीतियां बनाई जा रही हैं. सियासी गुणा-भाग कर आगे की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है और राजनीतिक नफा-नुकसान का आकलन किया जा रहा है. इन सबके बीच केन्द्र सरकार की तरफ से लाए गए अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी को कांग्रेस का समर्थन मिलना भी एक बड़े भविष्य का राजनीतिक कदम है. यही वजह है कि दिल्ली कांग्रेस के नेताओं की तरफ से लाख विरोध करने के बावजूद अध्यादेश पर %आप% का समर्थन कर दो विरोधी दल आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सहयोगी बन गए हैं.कांग्रेस पार्टी की दिल्ली ईकाई की तरफ से लगातार अध्यादेश के मुद्दे पर सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी का विरोध किया जा रहा. कांग्रेस नेताओं के खिलाफ खासकर पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के खिलाफ टिप्पणी को लेकर %आप% सुप्रीमो से माफी की मांग की गई. लेकिन, इन सब विरोधों के बावजूद कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने इसे दरकिनार किया और 2024 लोकसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी के साथ जाने का फैसला किया.दरअसल, कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के इस कदम ने ना सिर्फ पार्टी की दिल्ली ईकाई के कैडर के मनोबल को कमजोर किया है, बल्कि यहां के कई कांग्रेस नेताओं को अपने भविष्य के राजनीतिक कदमों को दोबारा सोचने पर मजबूर कर दिया है. पार्टी कैडर्स के बीच शीर्ष नेतृत्व के इस कदम से असहजता की भावना दिल्ली कांग्रेस नेताओं में साफ महसूस की जा सकती है.ऐसा माना जा रहा है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी इस वक्त अपने राजनीतिक करियर को लेकर चिंतिंत है, क्योंकि उसके लोकसभा और विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन रहे. कांग्रेस के इस कदम के बारे में बात करते हुए राजनीतिक विश्लेषक रुमान हाशमी बताते हैं कि चूंकि कांग्रेस पार्टी देश में पिछले 9 साल से सत्ता से बाहर है. जो तमाम एजेंसियों के सर्वे आ भी रहे हैं, उसमें 2024 में दोबारा नरेन्द्र मोदी को पीएम और बीजेपी को सत्ता में आने का अनुमान लगाया जा रहा है. ऐसे में इस वक्त कांग्रेस पार्टी बेहद कमजोर स्थिति में हैं. गुलाम नबी आजाद समेत पार्टी के कई पुराने नेता %हाथ% का साथ छोड़कर जा चुके हैं. कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि केस में कोर्ट से सजा मिल चुकी है. उनकी संसद सदस्यता चली गई. इधर, कांग्रेस के साथ रहने वाले जेडीयू नेता और बिहार सीएम नीतीश कुमार काफी अप्रत्याशित नेता हैं, जिन पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता है. ऐसे में पार्टी को अपना सर्वाइवल के लिए ये कुर्बानी देनी ही थी.रुमान हाशमी बताते हैं कि जब से आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है, उसके बाद से उसके हौसले बुलंद हैं. कर्नाटक में विपक्षी नेताओं की बैठक के दौरान भी पोस्टर में सीएम केजरीवाल का फोटो लगाया गया था. पटना में विपक्षी नेताओं की पहली बैठक के दौरान ही आम आदमी पार्टी की तरफ से साफ कहा गया था कि कांग्रेस पार्टी केन्द्र की तरफ से दिल्ली के अधिकारों को लेकर लाए गए अध्यादेश पर अपना रुख साफ करे. ऐसे में कांग्रेस के पास कोई और दूसरा विकल्प नहीं बचा था.दिल्ली कांग्रेस नेताओं में चिंता की एक बड़ी वजह ये भी है कि 2020 विधानसभा चुनाव में आप को करीब 54 फीसदी वोट मिले थे. दूसरा नंबर पर बीजेपी और तीसरे पर खिसक कर कांग्रेस चली गई थी. जबकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी पहले, कांग्रेस दूसरे और %आप% तीसरे नंबर पर थी. ऐसे में दिल्ली कांग्रेस में इस बात को लेकर जरूर चिंता है कि वोट के कांग्रेस में शिफ्ट होने के बावजूद उसका सीट पाने के तौर पर कांग्रेस को कोई खास फायदा नहीं हो पाया.दिल्ली कांग्रेस के अल्पसंख्यक नेताओं ने भी आम आदमी पार्टी के साथ किसी तरह के गठबंधन का विरोध करते हुए प्रस्तावित नागरिक संशोधन विधेयक (सीएए) और एनआरसी पर उसके समर्थन का हवाला दिया था. कांग्रेस इन दोनों का विरोध करती आयी है और इसके खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है.इसके साथ ही, यूनिफॉर्म सिविल कोड पर आम आदमी पार्टी के समर्थन करने वाले बयान का भी मुद्दा बनाकर केन्द्रीय नेतृत्व से %आप% से दूर रहने को कहा गया था. इसमें बताया गया था कि इससे कांग्रेस के बचे हुए वोट शेयर को भी काफी नुकसान पहुंचेगा, जो खासकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुस्लिम बहुल इलाकों में हैं. लेकिन केन्द्रीय नेतृत्व ने इन सभी चीजों को अनसुना किया.जाहिर है, इस वक्त कांग्रेस को अपने सर्वाइवल की ज्यादा चिंता है, बजाय अपने वोट शेयर बचाने या उसे बढ़ाने की. ऐसे में बेशक उसने तत्काल बड़ी कुर्बानी दी और दिल्ली के नेताओं की नाराजगी की जोखिम उठाते हुए भले ही ये कदम उठाया हो, लेकिन उसके बाद इसके अलावा और कोई अन्य विकल्प बचा भी तो नहीं था.

# राजनीति में उलझकर दम तोड़ते गंभीर मुद्दे, मणिपुर हिंसा को लेकर खांचों में बंटते लोग, राजनीतिक जवाबदेही मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थम नहीं रहा है

. ढाई महीने से भी ज्यादा वक्त से मणिपुर के लोग हिंसा की आग में झुलसने को मजबूर हैं. मणिपुर को लेकर एक और बात है, जिसका सिलसिला थम नहीं रहा है. वो है मणिपुर हिंसा को लेकर राजनीति और इतने गंभीर मुद्दे पर भी पक्ष-विपक्ष में तर्क का सिलसिला.ये राजनीति 19 जुलाई को वायरल हुए उस वीडियो के बाद तो और चरम पर पहुंच गई, जिसमें भीड़ में से चंद दरिंदे दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते हुए नजर आ रहे हैं. ऐसे तो मणिपुर में हिंसा की ये आंच पहले से ही सुलग रही थी, लेकिन 3 मई से इसकी ज्वाला तेज होती गई.जब कुछ दिन पहले महिलाओं से जुड़ा वीडियो वायरल हुआ तो  पूरे देश में इस घटना को लेकर मीडिया के तमाम मंचों ख़ासकर सोशल मीडिया पर लोगों का जबरदस्त आक्रोश और गुस्सा देखा गया. घटना 4 मई की थी. इस घटना को दरिंदों ने थोबल जिले में अंजाम दिया था. वीडियो वायरल होने के बाद लोगों के आक्रोश और उबाल को देखते हुए घटना के ढाई महीने बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू होता है.ऐसा इसलिए भी कह सकते हैं कि अगर वीडियो वायरल नहीं होता तो शायद ये कार्रवाई अभी भी नहीं हुई होती क्योंकि घटना की जानकारी मणिपुर पुलिस को पहले ही दिन से थी. यहां तक कि घटना को लेकर पुलिस की भूमिका भी शक के घेरे में है. जैसी खबरें आ रही है और पीड़ितों का बयान सामने आ रहा है, उसके मुताबिक पुलिस ने ही इन पीड़िता को भीड़ के हवाले किया था. अगर इसे न मानकर ये माना जाए कि भीड़ ने पुलिस से इन महिलाओं को छीन लिया था, तब भी एक बात तो साफ है कि इस घटना की पूरी जानकारी डे वन से ही मणिपुर पुलिस और प्रशासन को थी. जब पुलिस और प्रशासन को थी तो इसका मतलब है कि मणिपुर सरकार के आला नुमाइंदों को भी इसकी जानकारी रही ही होगी, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है.इतना सब होने के बावजूद देश के लोगों की प्रतिक्रिया और गुस्सा ही वो वजह थी, जिसने मणिपुर सरकार को  घटना के ढाई महीने बाद कार्रवाई करने को मजबूर किया. इतना ही नहीं, मणिपुर में हिंसा के भीषण दौर को शुरू हुए लंबा अरसा हो गया था, उसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर न तो एक भी बयान दिया था और न ही मणिपुर गए थे. महिलाओं के साथ हुई बर्बरतापूर्ण घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जनमानस की प्रतिक्रिया को देखते हुए प्रधानमंत्री ने इस घटना पर बयान दिया. हालांकि मानसून सत्र की शुरुआत पहले 20 जुलाई को दिए गए प्रधानमंत्री के बयान में सिर्फ़ इसी घटना का जिक्र था, उनके बयान में ढाई महीने से ज्यादा वक्त से जारी मणिपुर हिंसा को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया था.कहने का मतलब ये है कि जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में काफी मायने रखती है.  लेकिन सच्चाई ये भी है कि वीडियो वायरल होने के बाद तत्काल लोगों की प्रतिक्रिया आ रही थी, वो चंद घंटों के बाद ही  खांचों में बंटती दिखी. राजनीतिक उलझन में फंसती दिखी. धीरे-धीरे ऐसा लगने लगा कि अतीत की तरह इस बार भी बेहद ही गंभीर मुद्दा राजनीति में उलझकर दम तोड़ने लगा है.इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृति दिख रही है, वो किसी भी नजरिए से देश के आम लोगों के लिए फायदेमंद नहीं है. मुद्दा चाहे कोई भी, खांचों या खेमों में बांटने या बंटने की प्रवृत्ति राजनीति से जुड़े लोगों, राजनीतिक दलों और नेताओं में तो शुरू से रहा है, लेकिन जब समाज में आम लोग भी इस तरह के बंटवारे का हिस्सा बन जाते हैं, तो इसमें नुकसान सिर्फ़ और सिर्फ़ देश के नागरिकों का होता है.उसमें भी व्यापक स्तर पर हिंसा का कोई भी मामला नागरिक अधिकारों और मानव अस्तित्व के खिलाफ होता है. वायरल वीडियो में महिलाओं के साथ जो कुछ भी किया गया, वो जीवन के अस्तित्व, जीवन की गरिमा और महिलाओं को लेकर संवेदनशीलता से जुड़ा मुद्दा है. ऐसे मामलों में पक्ष-विपक्ष, तर्क-वितर्क की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती है.मणिपुर हिंसा को लेकर तो लोग पहले से ही खांचों में बंटते दिख रहे थे. मैतेई समुदाय के लिए एसटी स्टेटस की मांग और कुकी समुदाय की ओर से विरोध से शुरू 3 मई को व्यापक स्तर पर हिंसा की शुरुआत होती है. मैतेई और कुकी समुदाय के बीच संघर्ष से शुरू हुई इस हिंसा को लेकर राज्य से बाहर के लोगों की प्रतिक्रियाएं भी समुदाय विशेष से लगाव और जुड़ाव के आधार पर आने लगी. हालांकि इंटरनेट बंद होने से मणिपुर से बहुत सारी खबरें और घटनाएं इस दौरान बाहर आ ही नहीं पाई. लेकिन जब 19 जुलाई को वीडियो वायरल होता है तो देखते ही दखते देशभर से इसके खिलाफ प्रतिक्रिया आने लगती है.वीडियो वायरल होने के चंद घंटे बाद ही बहस और विमर्श राजनीतिक रंग लेते दिखने लगता है. पूरी बहस बीजेपी शासित राज्य बनाम गैर बीजेपी शासित राज्य की ओर मुड़ जाती है. मणिपुर की वायरल वीडियो से जुड़ी घटना को लेकर प्रतिक्रियाएं धीरे-धीरे मीडिया के तमाम मंचों पर राजनीतिक रंग से रंगने लग जाती है. फौरन ही छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और राजस्थान से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों के साथ ही मुख्यधारा के टीवी न्यूज़ चैनलों में भी तुलना करने का खेल शुरू हो जाता है. सोशल मीडिया की वजह से अब किसी भी घटना या मुद्दे पर आम लोगों की प्रतिक्रिया तेजी से आने लगती है और जिसे तत्काल जानना भी हर किसी के लिए आसान हो गया हैआम लोग तो खांचों में बंटे हुए थे ही, पत्रकारों में भी मणिपुर की घटना को दूसरे राज्यों में घटी घटनाओं से तुलना करने की होड़ मच गई. उस वक्त और इस वक्त का खेल खेला जाने लगा. उस वक्त और इस वक्त, उस राज्य और इस राज्य, बीजेपी शासित राज्य और कांग्रेस या टीएमसी शासित राज्य के बीच की तुलना के ट्रेंड ने ज़ोर पकड़ लिया.राजनीतिक दल तो शुरू से ऐसा करते ही आए हैं कि हर मुद्दे को अपने हिसाब से पार्टी के नफा-नुकसान से जोड़ देते हैं. लेकिन आम लोग और पत्रकारों में भी ऐसा विभाजन हो जाए तो फिर इससे एक लोकतंत्र में हर मुद्दे से राजनीतिक फायदे को साधना राजनीतिक दलों के लिए बेहद आसान हो जाता है.मणिपुर में जिस तरह की घटना घटी या फिर जिस तरह से 80 से ज्यादा दिनों से वहां हिंसा हो रही है, उसमें चाहे केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकार, उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वो जनता को जवाब दे. लेकिन होता ऐसा दिख रहा है कि सत्ताधारी दल विपक्षी दलों को जवाब देने में जुटी है.मणिपुर में हालात कितने बुरे हैं,

# अमीषा पटेल ने पहली बार चेक बाउंस मामले पर तोड़ी चुप्पी

**चेक बाउंस मामले में हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल को रिहा किया गया था. अब एक्ट्रेस ने पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है. एक नए इंटरव्यू में अमीषा ने कहा कि झूठी शिकायत गलत मकसद से की गई थी. झारखंड के फिल्म प्रोड्यूसर अजय कुमार सिंह के बारे में बात करते हुए अमीषा ने आरोप लगाया कि उन्होंने सार्वजनिक तमाशा बनाकर पक्षपात का माहौल फैलाया.**

अमीषा ने कोर्ट के सामने कर दिया था सरेंडर चेक बाउंस मामले में बीते शनिवार को अमीषा ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया था. सीनियर डिवीजन जज डीएन शुक्ला ने अमीषा को जमानत दी और उन्हें 21 जून को फिर से व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को कहा. मामला 2018 का है, जब अजय कुमार सिंह ने अमीषा के खिलाफ धोखाधड़ी और चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया था.

### मामले पर क्या बोली अमीषा पटेल

जूम के साथ बातचीत में, अमीषा ने कहा, मैं रांची में कुछ मामलों के बारे में अपने फैंस और शुभचिंतकों के संदेशों से भर गई हूं. मैंने मामले की शुरुआत से ही शालीनता से चुप्पी साध रखी है कि मैं इसे जारी रखना चाहती हूं और सम्मानपूर्वक कानून को अपना काम करने देना चाहती हूं. दुर्भाग्य की बात है कि मेरी खामोशी, मर्यादा और व्यवस्था के प्रति सम्मान का फायदा रांची वाले मिस्टर अजय ने उठा लिया, जिन्होंने जनता का तमाशा बनाकर पक्षपात का माहौल फैलाया और मेरी स्टारडम का इस्तेमाल कर खुद फेमस होना चाहा. उन्होंने यह भी कहा, न्यायिक प्रणाली आखिरकार उस झूठी शिकायत को संभाल लेगी, जो गुप्त उद्देश्यों के लिए दायर की गई थी. माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी और विश्वासघात की कार्यवाही को रोक दिया है.

### चेक बाउंस मामले में क्या हुआ?

शिकायत के अनुसार, अजय ने देसी मैजिक नामक फिल्म के निर्माण के लिए अभिनेत्री के बैंक खाते में 2.5 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे. अमीषा ने हालांकि बाद में फिल्म के साथ काम नहीं किया. उन्होंने 2.50 करोड़ का चेक भेजा, लेकिन वह बाउंस हो गया. जैसा कि समाचार एजेंसी पीटीआई ने रिपोर्ट किया है, सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2022 में झारखंड में ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी समन के संबंध में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के अपराध के लिए आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी. शीर्ष अदालत ने, हालांकि, कहा था कि निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए कार्यवाही कानून के अनुसार जारी रह सकती है. झारखंड हाईकोर्ट के 5 मई, 2022 के आदेश के खिलाफ अमीषा द्वारा दायर अपील पर सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश आया.

कृष्णा अभिषेक ने उदित नारायण और कुमार शानू की खोली पोल, कहा- 90 के दशक में इन दोनों के म्यूजिक झगड़े काफी...

### अमीषा की अपकमिंग फिल्म

अमीषा पटेल अनिल शर्मा द्वारा अभिनीत गदर 2 में दिखाई देंगी. फिल्म में सनी देओल और उत्कर्ष शर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं. यह 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है. गदर 2 संकेत देती है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां कहानी गदर- एक प्रेम कथा समाप्त हुई थी. गदर 2 अक्षय कुमार की हस्त्र 2 और रणबीर कपूर की एनिमल से भिड़ेगी.








## अक्षय कुमार के साथ मनमुटाव को लेकर विपुल अमृतलाल शाह ने किया खुलासा साथ काम ना करने की बताई वजह

विपुल अमृतलाल शाह बॉलीवुड के जाने माने डायरेक्टर्स में से एक हैं। विपुल ने हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं। डायरेक्टर ने अक्षय कुमार के साथ भी काफी काम किया है, लेकिन दोनो को एक साथ काम किए काफी लंमा समय बीत गया, जिस कारण लोगों को लगा कि शायद इनके बीच कोई मनमुटाव चल रहा है। लेकिन अब विपुल अमृतलाल शाह ने अक्षय कुमार के साथ काम ना करने की वजह का खुलासा किया है। डायरेक्टर ने कहा कि, हम दोनो ने लगातार साथ काम किया, तो हमें लगा कि दूसरे एक्टर्स के साथ काम करना भी जरूरी है और ये दोनों के लिए अच्छा होगा। विपुल ने आगे कहा, हमने अपने पूरे करियर में कभी लड़ाई नहीं की। हम दोनों ने ब्रेक लिया है। मैं और अक्षय दोनों अपने अपने काम में बिजी हैं। लेकिन मौका मिलने पर हम दोनों साथ काम करेंगे। आपको बता दें कि, विपुल शाह ने अक्षय कुमार के साथ वक्त- द रेस अगेंस्ट टाइम, नमस्ते लंदन और द एक्शन रिप्ले जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।




## शादी के 11 साल बाद पिता बने राम चरण

आरआरआर स्टार राम चरण के घर खुशियों ने दस्तक दी है। एक्टर और उनकी पत्नी उपासना ने शादी के पूरे 11 साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। एक्टर की पत्नी ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। इस गुड़ न्यूज के बाद फैंस कपल को लगातार सोशल मीडिया पर बधाइया दे रहे हैं। राम चरण की वाइफ उपासना को बीती



रात हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था और आज 20 जून को सुबह उन्होंने बेटी को जन्म दिया। वहीं, अपोलो अस्पताल ने एक मेडिकल बुलेटिन शेयर करते हुए कहा, मिसेज उपासना कामिनेनी कोनिडेला और राम चरण की 20 जून 2023 को हैदराबाद के अपोलो अस्पताल जुबली हिल्स में एक बच्ची हुई। बच्चा और मां स्वस्थ हैं। राम चरण और उपासना के पेरेंट्स बनने पर उनके फैंस बेहद खुश हैं और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें लगातार बधाइयां दे रहे हैं। बता दें, राम चरण और उपासना ने हाल ही अपनी शादी की 11वीं सालगिरह सेलिब्रेट की थी। कपल की शादी 14 जून 2012 को हुई थी. ऐसे में शादी के पूरे 11 साल बाद पहले बच्चे का स्वागत करने से कपल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है और उनके घर में भी खुशी का माहौल बना हुआ है। राम चरण और उपासना के पेरेंट्स बनने से साउथ मेगा स्टार चिंरजीवी और उनकी पत्नी सुरेखा अब दादा दादी बन गए हैं।

## टी सीरीज के साथ आएंगे टाइगर श्रॉफ


लव स्टीरियो अगेन टी-सीरीज़ की मनमोहक बीट्स में खोने के लिए फिर से तैयार हो जाइए। यह एक ऐसा म्यूजिकल मास्टरपीस है जो दर्शकों को पूरी तरह इमोशन में खो जाने के लिए मजबूर कर देता है। इस सॉन्ग के लिए म्यूजिकल स्टार जहरा एस खान और अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ इंटरनेशनल सेंसेशन एडवर्ड माया एक साथ आएंगे। मनीष शंटी के निर्देशन में बना यह सॉन्ग बहुत जल्द ही रिलीज होने वाला है, जिसके लिए इंटरनेशनल कोलैबोरेशन किया गया है। लव स्टीरियो अगेन में ज़हरा और टाइगर की धमाकेदार केमिस्ट्री आपके होश उड़ाने के लिए तैयार है। दोनों स्टार ने गाने के अट्रैक्शन और सिजल को और बढ़ा दिया है। भारतीय समकालीन स्पर्श के साथ इस सॉन्ग के ट्रैक तनिष्क बागती ने तैयार किए हैं। श्रद्धा पंडित की मनमोहक आवाज के साथ एडुआर्ड मैरियन, एल्डार मानसरोव और कोर्नेवा विक्टोरिया के इंग्लिश लिरिक्स गाने में बेहद शानदार लगेंगे हैं। इतनी मजबूत टीम के साथ यह सॉन्ग इस साल के सबसे बड़े इंटरनेशनल सहयोगों में से एक है।



## शाहरुख खान लॉन्च करेंगे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ, करण जौहर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक निर्देशक के रूप में अपना 25वां वर्ष मना रहे हैं। उनका सफर 1998 में शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी के लीड रोल में कुछ कुछ होता है के साथ शुरू हुआ था, और अब 2023 में, वह रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आज़मी और जया बच्चन के साथ एक फॅमिली ड्रामा के लिए तैयार हैं। और अब, शाहरुख खान करण जौहर की 25 25 साल का सफर का जश्न मनाने के लिए रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीज़र लॉन्च करेंगे। करण जौहर निर्देशक के रूप में रणवीर सिंह के साथ उनका पहला सहयोग है, और दूसरा आलिया के साथ। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म पहली बार धर्मेंद्र के साथ धर्मा प्रोडक्शन के तहत किसी फिल्म के साथ काम कर रही है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर 20 जून को रिलीज होगा, इसके बाद एक गाना और जुलाई के महीने में बड़ा ट्रेलर होगा। टीम ने फिल्म के लिए 40 दिनों के एक कड़े कैंपेन की योजना बनाई है और अब वे अपनी प्रमुख टीजर के साथ डिजिटल दुनिया में रिलीज करने के लिए तैयार हैं। कहा जाता है कि संगीत रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ-साथ कलाकारों की टुकड़ी के प्रमुख आकर्षण में से एक है। 1 मिनट-16 सेकंड के टीजर की बात करें तो यह फिल्म की भव्य दुनिया की एक झलक है, जिसमें दृश्य, स्टार-कास्ट और एक भावपूर्ण धुन दिखाई गई है। यह एक बड़ी करण जौहर म्यूजिकल लव स्टोरी का वाइब देती है और दर्शकों को परिवारों की जीवन से बड़ी दुनिया के लिए तैयार करेगी।

## कॉफी विद करण में पापा संग नजर आएंगे आर्यन



मशूहर फिल्म मेकर करण जौहर का पॉपुलर शो कॉफी विद करण हमेशा ही चर्चा में बना रहता है। फैंस शो के अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुन फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। दरअसल, इस बार कॉफी विद करण में बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान अपने बेटे आर्यन खान के साथ नजर आने वाले हैं। ऐसा पहली बार होगा जब किंग खान बेटे आर्यन के साथ स्क्रीन पर देखाई देने वाले हैं। ऐसे में दोनों को पहली बार एक साथ देखना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। बाप-बेटे की जोड़ी मिलकर काफी एंटरटेन करने वाले हैं। जिसे देखना काफी एक्साइटिड होगा। वहीं, खबर है कि इसी एपिसोड में गौरी खान भी सरप्राइज एंट्री कर सकती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरगिस द्वारा कोमल प्रिन्टर्स चौधरी मार्केट सेक्टर 35 नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं मकान नंबर 89 नई आबादी दादरी गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादकः नरगिस

मोबाइल : 9999283091

R.N.I:- UPHIN / 2016 / 70722

E-mail :- Sancharlivenews@gmail.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी. आर. बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय गौतमबुद्ध नगर के अधीन होंगा।

# बुद्धि बूस्टर के 3 छात्रों का इंटरनेशनल अबेकस ओलंपिया इंडोनेशिया में हुआ सिलेक्शन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-इस वर्ष इस वर्ष अबेकस का इंटरनेशनल



ओलंपियाड इंडोनेशिया मैं आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शिवपुरी के बुद्धि बूस्टर अबेकस इंस्टिट्यूट के 3 विद्यार्थी अधिराज गर्ग, शिवपुरी (मध्य प्रदेश)मोक्ष आडवाणी(गुजरात) आध्या चौबे, (महाराष्ट्र) से चयन हुआ है।।यह प्रतियोगिता 30 जुलाई रविवार को इंडोनेशिया में बाली में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता मेंटल मैथ्स पर आधारित है जिसमें कम समय में मैथ्स के जटिल सवालों को हल करना है।। इस प्रतियोगिता में उम्र के अनुसार बच्चों का चयन किया गया है । इस प्रतियोगिता में चयनित होने पर शिवपुरी के विद्यार्थी अधिराज गर्ग के उत्साहवर्धन करने के लिए जेसीआई क्लब की प्रेसिडेंट प्रियंका शिवारे और सचिव आरती जैन ने सम्मानित किया जिसमें उन्होंने ,बुद्धि बूस्टर के मैनेजिंग डायरेक्टर रितेश गुप्ता और बुद्धि बूस्टर अबेकस की ट्रेनर रोशनी गुप्ता के साथ अधिराज गर्ग को इस प्रतियोगिता को जीतने और भारत के साथ-साथ अपने शहर का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी।। बुद्धि बूस्टर अबेकस ट्रेनर रोशनी गुप्ता जी ने बताया कि यह हमारे शहर के लिए गर्व की बात है ।। शिवपुरी शहर के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और अपने देश शहर समाज और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं

## गुरु नानक ग्रुप ऑफ स्कूल्स के द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह,रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल लैब का शुभारंभ

**इसरो एवं चंद्रयान 3 पर आधारित प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का सोमवार 24 जुलाई 2023 को आयोजन किया गया।**




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-इस कार्यक्रम में श्री के आर मीणा,सेकेंड इन कमांड,आइटीबीपी शिवपुरी (मुख्य अतिथि )एवं प्रोफेसर मधुसूदन चौबे (विशिष्ट अतिथि) के रूप में प्रोग्राम में उपस्थित रहे।बड़े हर्ष का विषय है कि गुरु नानक ग्रुप ऑफ स्कूल्स के द्वारा सोमवार,दिनांक 24 जुलाई 2023 को हाल ही में छ्क्ष्स्श्च से मान्यता प्राप्त ब्रांच गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल, फतेहपुर -पिपरसमा रोड में हाल ही में यूपीएससी 2023 की परीक्षा में उत्तीर्ण आईएएस, श्री शुभम यादव,विद्यालय के एमपी बोर्ड के कक्षा 12वीं के टॉपर एवं अपने प्रथम प्रयास में नीट 2023 परीक्षा में चयनित छात्र वेदांत गुप्ता,एवं कक्षा 10वीं एमपी बोर्ड परीक्षा स्टेट मैरिट लिस्ट 2023 में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विवेक दांगी का सम्मान किया गया। साथ ही विद्यालय में निर्मित अत्याधुनिक रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टेम लैब का उद्घाटन भी अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। इस लैब के द्वारा विद्यार्थी रोबोट बनाना, ड्रोन बनाना, कोडिंग इत्यादि का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। इसी दिन भारतवर्ष के इसरो में कार्यरत वैज्ञानिकों के द्वारा चंद्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण पर आधारित वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल्स,चार्ट की प्रदर्शनी एवं इसरो एवं चंद्रयान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,,जिसमें गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल राघवेंद्र नगर, एवं गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल, फतेहपुर पिपरसमा - रोड़ के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। विद्यालय डायरेक्टर एवं प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

**भाजपा के लिए काँटो भरी साबित होगी शिवपुरी विधानसभा**

# रामजी व्यास या वीरेन्द्र रधुवंशी को काग्रेंस उम्मीदवार बना सकती है

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आने वाले विधानसभा चुनावों का दोर है ओर भाजपा हो या काग्रेंस दोनो ही पार्टी सीट के घट बढ पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रही है.दरअसल विधानसभा के 2018 के परिणामो को देखते हुए दोनो पार्टी पिछले खट्टे-मीठे अनुभवो से सबक ले रही है.काग्रेंस ओर भाजपा अब पूर्व मे हारी हुई विधानसभा सीट को हरसंभव जीतने की तैयारी मे लगी हयही कारण है कि दोनो पार्टियों के राष्ट्रीय नेता चुनावी र ण ा न ी ि त बनाने,कार्यकर्ताओं की बैठकें, चुनावी सभाये करने ओर श्रेष्ठ जीतने बाले उम्मीदवार के चयन मे लगी है,साथ ही मतदाता को रिझाने के लिए घोषणा करने ओर मतदान केंद्रो पर विशेष रूप से पार्टी नेताओं की नियुक्ति करने मे लगी है.शिवपुरी विधानसभा-25 के लिए काग्रेंस के वरिष्ठ नेता विशेष रूप से मंथन कर रहे है.क्योंकि यह सीट



भाजपा की जीती हुई रही है.लेकिन सर्वे के अनुसार खुद भाजपा के लिए इसबार काँटों भरी रहा साबित हो रही है.इसका स्पस्ट कारण है कि 290मतदान केन्द्रों मे से 145मतदाता केंद्र नगर पालिका श्रेत्र के 39 वार्ड है ओर इन सभी मे सडके बनी नहीं है, पानी के लिए निवासी परेशान हो रहे है.खंम्बो मे लाईट नहीं लगी है,कुछ खम्बों मे है भी तो भी अन्धेरा रहता है, यानि 11महिने हो गये है नगर पालिका परिषद बने हुये काम काज नहीं हो रहा है ,टेन्डर हो रहे है भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है,आये दिन भ्रष्टाचार उजागर होता रहता है .प्रतिदिन मीडिया मे प्रकाशित, प्रसारित होता रहता है..मतदाता परेशान हइसी तरह से ग्रामीण श्रेत्र मे 155 मतदान केन्द्र है ,इनमे भी सरपंच ओर सचिव ने भ्रष्टाचार करते हुये काम नहीं किया है.अनेक सरपंच,सचिव पर भ्रष्टाचार के तहत कार्यवाही हुई है,जेल वारन्ट भी जारी हुये है.ग्रामीण मतदाता बेहद परेशानी का सामना कर रहे है.अधिकाँस भाजपा के नेता बैठको ,आन्दोलनो मे हिस्सेदारी कर अपने को नेता मानते हुये यह मान बैठे है कि इसबार भी भाजपा हमेशा की तरह जीत जायेगी.काग्रेंस श्रेष्ठ उम्मीदवार को टिकट देती है तो, भाजपा को इस सीट पर जीतना एक बडी चुनौती बन सकती है.काग्रेंस के पूर्व मुख्यमंत्री,राजसभा सासंद दिग्विजय सिंह ओर पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ दोनो ही श्रेष्ठ उम्मीदवार ओर निडर



खुलकर भाजपा के उम्मीदवार का विरोध कर सके ऐसे उम्मीदवार के चयन मे लगे हुये है.जनचर्चा है कि पुराने काग्रेसी,वर्तमान मे भाजपा नेता,ब्राह्मण समाज के प्रदेश संयोजक,सासंद प्रतिनिधि ,नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज व्यास के पति रामजी व्यास को काग्रेंस उम्मीदवार बना सकती है. सर्वविदित है कि नगर पालिका परिषद के चुनाव मे इनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज व्यास का अध्यक्ष बनना तय था मगर राजनैतिक घटनाक्रम के तहत इन्हे उपाध्यक्ष बनाया गया ओर इसके बाद विगत 11महिने से परिषद की प्रत्येक कार्यवाही मे इनकी अवेहलना की जा रही है ओर अपमान भी खुलेआम किया जा रहा है.इसके कारण इनके हजारों सर्मथको मे भारी आक्रोस है .इनकी पीडा काग्रेंस के वरिष्ठ नेता जानते समझते है.इनसे भलीभांति परिचित भी है.ओर संपर्क मे भी है .रामजी व्यास भी निडर होकर सोशल मीडिया ,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार-पत्रो मे सत्य को उजागर कर रहे है.कांग्रेस इन्हें उम्मीदवार बनाती है तो भाजपा के लिए चुनाव जीतना कठिन होगा.एक जनचर्चा है कि पुराने क ा ग् े सी , क ो ल ा र स विधानसभा -27 से भाजपा के वर्तमान विधायक वीरेन्द्र रधुवंशी को शिवपुरी विधानसभा-25से काग्रेंस उम्मीदवार बना सकती है.काग्रेंस के वरिष्ठ नेता जानते है कि यह शिवपुरी विधानसभा-25 से श्रेष्ठ चुनाव लडेंगे. मतदाताओं मे भी इनकी छवि निडर है.काग्रेंस के उम्मीदवार बनने के लिए वरिष्ठ काग्रेंस नेता स्व. श्री साँवलदास गुप्ता के सुपुत्र राकेश गुप्ता,वरिष्ठ काग्रेंस नेता गणेशीलाल जेन एवं प्रकाश जेन के भतीजे नरेन्द्र जेन भोला,वरिष्ठ काँग्रेस नेता,पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला के सुपुत्र आलोक शुक्ला,पूर्व विधायक गणेश गोतम,वरिष्ठ नेता शीतल प्रकाश जेन के भतीजे जिनेन्द्र जेन,शहर काग्रेंस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अन्नी शर्मा,जिला महामंत्री एवं पत्रकार विजय चोकसे,युवक काग्रेंस अध्यक्ष अमित शिवहरे ने भी अपने सर्मथकों के साथ तैयारियां आरंभ कर दी है.

# पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने 7 किसानों की कई वर्षों व महीने पहले चोरी गई 7 विद्युत मोटर पानी की बरामद कर उनको सुपुर्द की गई

**कुछ दिन पूर्व पुलिस थाना पिछोर ने 5 किसानों की चोरी गई 5 विद्युत मोटर बरामद कर उनके सुपुर्द की थी**

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर।**पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने शातिर चोर ज्ञान सिंह लोधी उर्फ पप्पू निवासी ग्राम खुरई व रामकुमार लोधी निवासी ग्राम राजपुर के कब्जे से चोरी की बरामद 7 विद्युत मोटर पानी की उनके मालिक 1- राय सिंह लोधी निवासी ग्राम मलाहवनी, 2-दिनेश राय निवासी ग्राम टीला थाना करैरा,3-विनोद राय निवासी ग्राम टीला करैरा,4-नीरज राय निवासी ग्राम टीला थाना करैरा 5 - विनोद भदौरिया निवासी पिछोर रोहित लोधी निवासी कोटरा को मान्यनीय




न्यायालय के आदेश से सुपुर्द की। किसानों की चोरी गई मोटर प्राप्त होने पर उनको बहुत ही हर्ष व प्रसन्नता हुई जिन्होंने पुलिस थाना पिछोर की कार्यवाही की सराहना की । कुछ दिन पूर्व पुलिस थाना पिछोर ने 5 किसानों की चोरी गई 5 विद्युत मोटर पानी की बरामद कर उनके सुपुर्द की थी ।पुलिस थाना पिछोर की टीम में एसआई विनोद भार्गव, एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक संतोष यादव ,हीरा सिंह बघेल राजेंद्र सिंह यादव आरक्षक प्रदीप कौरव, कमल सिंह मांझी, बृजराज सिंह, बचान सिंह तोमर, मांगीलाल गुर्जर, रामनाथ रावत, राघवेंद्र पाल, देशराज सिंह गुर्जर, रवि कौरव, माधव शंकर शर्मा जितेंद्र गुर्जर ,भूपेंद्र सिंह नगर रक्षा समिति सदस्य बालकिशन लोधी ,नरेंद्र लोधी, नरेंद्र लोधी व कोमल परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

# गरियाबंद जिले का प्रसिद्ध जलप्रपात चिंगरापगार को स्वच्छ रखने कलेक्टर, डीएफओ एवं सीओ ने थामा झाड़ू

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।**गरियाबंद जिले का प्रसिद्ध जलप्रपात जो प्राकृतिक और वनांचल क्षेत्रों से आच्छादित गरियाबंद जिले के राजिम गरियाबंद मार्ग में स्थित बारूका गांव में चिंगरापगार जलप्रपात पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। राजधानी रायपुर जाने वाले मार्ग में गरियाबंद से 13 किलोमीटर की दूरी पर बारूका गांव में चिंगरा पगार जलप्रपात स्थित है, यह जलप्रपात चारों दिशाओं से घनी जंगल ऊंची पहाड़ों एवं प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। यह झरना कचना धुरवा मंदिर एवं बारुका गांव के जंगलों के भीतर पर स्थित है, जिसकी ऊंचाई लगभग 110 फीट ऊंचा है, जो देखने में बहुत खूबसूरत लगता है। चिंगरापगार जलप्रपात की सुंदरता का आनंद लेने के लिए सैलानी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यो से भी बड़ी मात्रा में लुफ्त उठाने आते है। चिंगरा पगार जलप्रपात में पर्यटकों की संख्या दिन प्रतिदिन बड़ती जा रही है। बरसात के मौसम के लगते ही यहां का जल स्तर काफी बड़ जाता है, जिसके कारण यह जलप्रपात का नजारा और भी आनंदमयी प्रतीत होता है। इस जलप्रपात को देखने पर्यटकों के बढ़ने के साथ ही साथ उनके द्वारा कचरें का अंबार भी लग जाता है।जलप्रपात स्थल को पर्यटकों के सुविधा के लिए संवारने तथा प्राकृतिक स्थल में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज विशेष पहल की। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने चिंगरापगार जलप्रपात स्थल को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया। लगभग 200 लोगों ने संयुक्त रूप से जलप्रपात स्थल में पहुंचकर आज सुबह सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा,



डीएफओ मणिवासगन एस और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने भी हाथ में झाड़ू थाम कर साफ सफाई करने आगे आये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता के इस अभियान में शामिल सभी लोगों ने चिंगरापगार पर्यटन स्थल में पॉलीथिन, प्लास्टिक बोतल एवं अन्य कचरे को साफ किया। इस दौरान कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि प्राकृतिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रकृति द्वारा दिए गए चीजों का सदुपयोग करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने, उन्हें प्राकृतिक रूप से संरक्षित रखने और पर्यावरण जागरूकता में भागीदारी निभाने की अपील की।

इस दौरान कलेक्टर श्री छिकारा ने जलप्रपात स्थल में पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने से संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए।

पर्यटन स्थल में नशीली चीजों से दूर रहे, जलप्रपात में फिसलन भरी चट्टानों से सतर्क रहें- कलेक्टर श्री छिकारा ने चिंगरापगार जलप्रपात में विहंगम दृश्य से परिपूर्ण प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने के अलावा सावधानी भी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चिंगरापगार पर्यटन स्थल सार्वजनिक जगह है। वहां पर नशीली चीजों को ना ले जाए। साथ ही नशीली पदार्थ का सेवन ना करे, इसके अलावा कलेक्टर ने बारिश के मौसम में जलप्रपात स्थल में फिसलन भरी चट्टानों से भी सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण पत्थरों में शैवाल उग आते है, जिसके कारण पत्थर में फिसलन आ जाती है। पत्थर पर चलने से फिसल कर गिरने का खतरा बना रहता है। इसलिए सावधानी और सतर्क होकर जलप्रपात स्थल पर जाएं। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम भूपेन्द्र साहू, जनपद सीईओ नरसिंग ध्रुव, जिला कोषालय अधिकारी बी.के. तिवारी, मीडियाकर्मी सहित जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# विधायक डमरुधर पुजारी ने किया ध्रुवागुड़ी हायर सेकंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गोहरापदर** सोमवार को ग्राम ध्रुवागुड़ी में प्रस्तावित हायर सेकंडरी स्कूल के नए भवन का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी के करकमलों से सम्पन्न हुआ।भूमिपूजन के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता,ग्राम के गणमान्य नागरिक,विद्यालय के शिक्षक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।विधायक डमरुधर पुजारी ने कहा की शिक्षा के स्तर को उठाकर शिक्षा प्रणाली को सुधारने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है लेकिन इसके साथ ही शिक्षा के केंद्रों को सर्व सुविधा युक्त बनाना भी हमारा कर्तव्य है छात्रों को अध्यापन में कोई दिक़्क़त ना हो इसका ख़याल रखना भी आवश्यक है,नए भवन में विद्यार्थियों के बैठने



की क्षमता भी अधिक होगी और एक ही छत के तले सारे शैक्षणिक कार्य सम्पन्न होंगे.विधायक पुजारी ने कहा की ध्रुवागुड़ी के विद्यालय में आस पास के ग्रामों से सैंकड़ों विद्यार्थी अध्यापन करने आते है,नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को सुविधा होगी।इस दौरान विधायक डमरुधर पुजारी ने भूमिपूजन के बाद भवन निर्माण स्थल का जायज़ा लिया।इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,पंच ठेलूराम कश्यप,पुर्व सरपंच रुपचंद नेताम,गिरीश गुप्ता,गयाराम मांझी,पवित्रो सोरी,विनोद तिवारी,पंच उपाय बाई सिन्हा,पुष्पा तिवारी,संतोष पाड़े,राकेश पाण्डेय,चैतु सिन्हा,पंकज पांडेय,कुम्भो सिन्हा,मनीष पांडेय,कुरसो मांझी,शिक्षक जगन्नाथ कपिल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**देवभोग.. देवभोग ब्लॉक में आई फ्लू तेजी से पांव पसार रहा है**

# अब तक यह फ्लू ब्लॉक के तीन गांव तक पहुंच चुका है । इसकी पुष्टि बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार रेड्डी ने भी किया है । बीएमओ ने बताया कि ब्लॉक के देवभोग में स्थित कन्या आश्रम की करीब 35 छात्राये भी आई फ्लू से पीडित है

संवाददाता हेमचंद नागेश

**मामले की ज्यादा जानकारी देते हुए बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार रेड्डी ने बताया कि आई फ्लू को गुलाबी आंखे भी कहा जाता है। डॉक्टर रेड्डी ने बताया कि पिछले सात दिनों से यह फ्लू तेजी से फैल रहा है। बीएमओ ने बताया कि अब तक यह फ्लू देवभोग, गिरसुल और घोघर में फैल चुका हैं। बीएमओ ने आमजनों से अपील किया है कि यह फ्लू फैलते ही अपने आप को घर में आइसोलेट कर ले। वही चश्मा का प्रयोग करे। वही कोशिश करे कि पीड़ित के द्वारा उपयोग की गई रुमाल या कपड़े को उपयोग में ना लाए। बीएमओ ने बताया कि यह फ्लू छूने से फैलता है, या फिर पीड़ित के द्वारा उपयोग की गई कपड़े को उपयोग करने से फैलता है।**

# हमें पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली बनाना होगा : कंसाना

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

शासकीय महाविद्यालय मौ, भिंड में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया और पंचप्रण की शपथ ली गई।वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री सज्जन सिंह यादव (नगर परिषद अध्यक्ष मौ प्रतिनिधि ) ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बड़ी-बड़ी आपदाएं केवल पर्यावरण के असंतुलन के कारण आ रही हैं और हम निकट भविष्य में पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होंगे तो हमारा भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने स्वयंसेवकों के अमृत वाटिका बनाने के प्रयास की सराहना की, उपस्थित सेवानिवृत्त सैनिकों श्री कल्याण सिंह यादव, श्री नवल सिंह, श्री नारायण सिंह का सम्मान किया और आगामी बर्ष तक वृक्षों की रक्षा करने वाले वृक्ष प्रहरियों के सम्मान होने की घोषणा की।




महाविद्यालय के प्राचार्य व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरिशंकर सिंह कंसाना ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण, अभिभावक गण और विद्यार्थियों को पंचप्रण की शपथ दिलवाई। पंचप्रण में मनसा-वाचा -कर्मणा देश को विकसित करने हेतु प्रयत्नशील रहना; दासता और औपनिवेशिक मानसिकता एवं व्यवहार से दूर रहना ;अनमोल विरासत और सार्वभौम परंपरा को अंगीकार करना; देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखना व विघटनकारी तत्वों से सुरक्षित रहना ; कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक रहना आदि बातें हैं। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम भारत सरकार की युवा एवं खेल कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत संपन्न कराया जा रहा है। महाविद्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में कपिल ओझा, प्रशांत मौर्य ,विकास जाटव, कौशल किशोर, राजू मांझी, सरोज कुशवाह, दलवीर गुर्जर ,अंशिका गुर्जर सहित 34 स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

### आई फ्लू से सतर्कता बरतने बच्चों को समझाने स्कूल पहुंचे डॉक्टर

# आंखों की बीमारी से घबराए नही,तुरंत पास के डॉक्टरों से मिलकर ले सुझाव-डॉ.सोनू शर्मा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** इस साल मानसून के दौरान बारिश के साथ एक नई मानसूनी बीमारी ने जन्म ले लिया है जिसका नाम %कंजंक्टिवाइटिस% है जो आंखों को प्रभावित करती है इन दिनों इस बीमारी ने कहर बरपाया हुआ है।इस बीमारी से बड़ी संख्या में लोग आई फ्लू का सामना कर रहे हैं चूंकि यह एक तरह का संक्रमण है इसलिए जो भी पीड़ित व्यक्ति के कॉन्टैक्ट में आता है।उनमें भी यह कंजंक्टिवाइटिस होने का खतरा बढ़ जाता है।उसी खतरे के बचाव के लिए सोमवार के दबोह मेडिकल ऑफिसर डॉ.सोनू शर्मा नगर के विधालय हिमांशु कॉन्वेंट में छात्र-छात्राओं को जानकारी देने के लिए पहुँचे।जहाँ उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस बीमारी के बारे में बताते हुए कहा कि हमे आंखों की इस बीमारी से डरने की आवश्यकता नही है।बस जरा सतर्कता की जरूरत है वैसे तो यह कोई जानलेवा संक्रमण नहीं है परंतु यह आंखों को नुकसान पहुँचा सकता है इसलिए लोगों को इसे सीरियसली लेना चाहिए।यह बीमारी 5-6 दिनों तक रह सकती है इसे %पिंक आई% इन्फेक्शन के नाम से भी जाना जाता है।यह बीमारी आई कॉन्टैक्ट करने से फैलती है यह किसी को तब प्रभावित करती है जब वो किसी संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई चीजों का इस्तेमाल करता है।इससे पीड़ित व्यक्ति की आंखों का सफेद हिस्सा पूरी तरह से गुलाबी और लाल हो जाता है आंखों



में खुजली और दर्द होने लगता है लगातार पानी निकलता है कभी-कभार आंखें सूज जाती है।इस बीमारी का आंखों की रोशनी पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है।हालांकि आपको कुछ समय के लिए धुंधला जरूर दिखाई दे सकता है इस दौरान हमे काफी समस्या का सामना करना प? सकता है इसलिए अच्छा है कि हम सब इससे बच कर रहे इससे बचने के लिए हमे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना है,हाथों को बार-बार साफ करना है,आंखों को बार-बार छूने से भी बचना है,किसी से भी अपना तौलिआ,बिस्तर या रूमाल शेयर नही करना है,संक्रमित व्यक्तियो से दूरी बनाकर रहना है एवं संक्रमिक व्यक्तियो की किसी भी चीज का इस्तेमाल नही करना है यदि हम इन सभी पर ध्यान देते है तो यह बीमारी हमे नही होगी

# संतोष त्रिपाठी कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोनीत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । नेता प्रतिपक्ष डॉ गोबिंद सिंह की अनुसंशा एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के आशीर्बाद से भिंड नगर कांग्रेस कमेटी का नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी को पुनः नियुक्ति किया गया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है,उसे पूरी निष्ठा से निभाउंगा साथ ही वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया



# अरविंद सोनी स्टेट ज्वाइंट को ऑर्डिनेटर मनोनीत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछ?ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा ने ओबीसी विभाग का स्टेट ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर अरविंद सोनी को नियुक्त किया है। श्री सोनी ने अपनी नियुक्ति पर सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया ।

# सीरवी प्रीमियर लीग एसपीएल सीजन 3 कप के खिलाड़ियों की हुई निलामी

### एसपीएल सीजन 3 का आयोजन 6 अगस्त से

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू।** बलेपेट सीरवी युथ ऐसोसिएशन बलेपेट के तत्वाधान में सीरवी प्रीमियर लीग एसपीएल सीजन 3 का खिलाड़ियों की निलामी का आयोजन रविवार को गांधीनगर स्थित जिऑन लक्षजूरियस होटल में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ बलेपेट के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत,उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारीया सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत खेल मंत्री कैलाश भायल पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा एंव कमेंटी मेंबर के उपस्थिति में हुआ । संस्था के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत ने कहा की बलेपेट सीरवी युथ ऐसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता एसपीएल लीग सीजन 3 कप का आयोजन दिनांक 6 अगस्त रविवार को तथा दुसरा मेच 13 अगस्त रविवार विद्ययारणपुरा रोड़ स्थित बेल मैदान में होने जा रहा है ।बलेपेट सीरवी युथ ऐसोसिएशन समाज के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने एवं आगे बढ़ने को एक उचित मंच प्रदान करने के उद्धेश्य से सीरवी समाज के उत्साही युवकों के लिए ये आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है । इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमे खेलेगी । खेल मंत्री कैलाश भायल ने कहा की



एसपीएल एक ऐसा मंच जहां न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है अपितु सम्पूर्ण आयोजन के दौरान समाज को एक सूत्र में बंधने का मौका भी मिलता है । क्रिकेट प्रतियोगिता के निलामी प्रायोजक इन्द्रा किंग के इन्दरलाल सोलंकी ,वीर रॉयल्स के भंवरलाल, नरेश, राजेश सोलंकी, महालक्ष्मी स्ट्राइकर्स के बाबूलाल पंवार, एस आर सुपर किंग्स के राजूराम सेंणचा, प्रकाश राठौड़ राजकुमार, राठौड़ वारियर्स के प्रकाश राठौड़, हेच. पी. सुपर किंग्स के गेनाराम लचेटा, भीमाराम परिहार, हेच.पी. सुपर किंग्स के राजूराम सेंणचा, दीपाराम देवड़ा, केंगेरी फाइटर के कैलाश भायल, मनोज भायल मारूति वारियर्स के निर्मल राठौड़ एम. के. आर लेजेन्टस के प्रवीण सिंदडा , रॉक स्टार के मोहनलाल पवांर महेश स्ट्राइकर्स के हुक्म राठौड़ ने अपनी-अपनी टीम के लिए खिलाड़ियों का निलामी द्वारा चयन किया गया । इस मौके पर बलेपेट बडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि अपना कौशल दिखाने को मिले इस अवसर में अपनी प्रतिभा के साथ खेल भावना का प्रदर्शन भी नितांत आवश्यक है । इस मौके पर बलेपेट बडेर सेवा संघ के अध्यक्ष राजूराम बर्फा सचिव सुरेश सीरवी एवं सांस्कृतिक कमेंटी के सदस्य मौजूद थे ।

# रेलवे विभाग द्वारा मोबाइल वीडियो वैन जागरुकता अभियान

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** झाँसी मंडल में मोबाइल वीडियो वैन द्वारा जागरुकता अभियान दिनाँक 24/07/23 से 27/07/23 तक चलाया जा रहा है। जिसमे प्रतिदिन संरक्षा सलाहाकारों द्वारा ऑडियो विडियो द्वारा जनता के समक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है। आज दिनाँक 24/07/23 को संरक्षा सलाहाकार यातायात एस बी सिंह द्वारा उदीमोड़ से ग्वालियर के मध्य फूपगाँव, जामपुरा गाँव,भिण्ड रेलवे स्टेशन, आई टी आई कालेज मेंहगाँव,गेट नं 40/टी, मालनपुर बाजार आदि स्थानों पर मोबाइल वीडियो वैन द्वारा आम जनता व कर्मचारियों को जागरुक किया गया। अभियान के दौरान रेल-सड़क उपयोगकर्ताओं को रेल यात्रा से जुड़े सावधानियों के बारे में आडियो विजुअल सिस्टम के द्वारा जागरूक किया गया ।यह




संरक्षा जागरूकता वैन अभियान के दौरान,सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के 3 मंडलों में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर कर रही है । टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों,लेवल क्रॉसिंगों,गांवों, पंचायतों,तहसीलों आसपास के बाजारों आदि को कवर कर रही है । वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं,जिनमें लेवल क्रॉसिंगों को सावधानी से कैसे पास करें,ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जाने,ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें,यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करना, ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाना% आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है।वैन की पूरी यात्रा के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के सेफ्टी काउंसलर साथ है,और विषय की बेहतर समझ प्रसारित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पेम्पलेट, पोस्टर और स्टिकर वितरित कर रहे है ।

# सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के द्वारा कांकड़ धुव पुजन का आयोजन



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़ सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में आने वाले रविवार को शाम चार बजे झांझ मंजीरा के साथ भजन कीर्तन करते हुए ग्राम से एक किलोमीटर दूर स्थित कांकड़ देव मंदिर पर पहुंच कर कांकड़ ध्रुव पुजन सामग्री से पूजा अर्चना कार्यक्रम रखा गया इससे पहले ग्राम एवं आसपासड़ ड़के क्षेत्र के देवी देवता का तेल सिंदुर से श्रंगार पुजा अर्चना कर नारियल फोड़कर चढ़ाया गया इस बाद ग्राम पटेल द्वारा शाम को चार बजे अपने घर पर से ज्वार बांस की टोकरी में भर कर सिर पर रखकर अपनी धर्म पत्नी सिर पर तांबे का कलश धारण करने के साथ ही कांकड़ ध्रुव पुजन करने के लिए निकलने के बाद मोटी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर समाज जनों को साथ लेकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होकर भजन कीर्तन करते हुए काकड़ देव मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में जोरदार बारिश की कामना की गई उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जनों ने शामिल होकर आरती कर महा प्रसादी ग्रहण की उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष श्री चंपालाल जी कुमरवत के द्वारा हमारे सहयोगी पत्रकार प्रेम कुमरावत को दी गई दी गई

### मेंहगाव में 174 नेत्र रोगियों की जांच हुई 36 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित

# श्याम बिहारी शर्मा की पुण्य स्मृति में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव ।** डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की पुण्य स्मृति में मेहगांव में मौ रोड पर स्थित डॉ. लाल पैथोलॉजी, पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन रतन ज्योति चेरिटेबिल ट्रस्ट ग्वालियर के माध्यम से संपन्न हुआ। जिसमें 174 रोगियों के नेत्रों का परीक्षण किया गया तथा 36 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। जिनका निःशुल्क आपरेशन ग्वालियर में कराया जायेगा। शिविर में मौजूद मरीजों को संबोधित करते हुए म.प्र.जनअभियान परिषद मेहगांव के ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि जीवन की विभिन्न नैसर्गिक आवश्यकताओं सहित संप्रेषण के लिए नेत्रों का स्वस्थ होना आवश्यक है। जब हमारे नेत्र स्वस्थ होंगे तो वे स्वयं के साथ-साथ शरीर के अन्य प्रत्यंगों और परिजनों की देखभाल भी ठीक से कर पाएंगे। इस मौके पर हरिओम सिंह भदौरिया ने कहा आंखें हमारे लिए अनमोल है इसके बिना हम सुंदर दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते इनकी देखभाल करना बहुत जरूरी है।इस अवसर पर राजीव भार्गव,श्याम सुंदर त्यागी,मुकेश कर्ण, अनिल शर्मा,भूपेंद्र गौड़,कमलेश शर्मा,कुलदीप कटारे,भास्कार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# थाना कोटर पुलिस की सफलता रात में घुसकर नाबालिग से छेड़खानी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**कोटर सतना**

श्री आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं ख्याति मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतना के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोटर उप निरीक्षक राजेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में मिली कामयाबी दिनांक 24 जुलाई 2023 को फरियादी रागिनी थाना कोटर का रिपोर्ट किया कि दिनांक 23 जुलाई 2023 को बृजेश तिवारी उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी किया एवं मेरे विरोध करने व चिल्लाने पर बीच-बचाव करने आए लोगों के साथ भी उसने मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी रिपोर्ट पर बचाव करने आए लोगों के साथ रिपोर्ट पर थाना कोटा में अपराध क्रमांक 58 324 323 506 धारा 378 पास्को एक्ट प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को दिनांक 24 साथ 2023 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया थाना प्रभारी उपनिरीक्षक द्विवेदी उप निरीक्षक सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र राम जीवन रावत प्रधान आरक्षक दिलीप यादव आरक्षक अनिल पांडे शिव शक्ति रावत महिला आरक्षक मंजू तिवारी

# पुरुषोतम मास सावन सोमवार मेला गैबीनाथ धाम बिरसिंहपुर मे परिजनो से बिछडे 09 नाबालिकों को सभापुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से परिजनो को किया गया सुपुर्द

पुस्पजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
सतना
थाना सभापुर जिला सतना म.प्र.

**हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी गैबीनाथ धाम बिरसिंहपुर सावन के महीने मे आयोजित होने वाले मेला मे आज दिनांक 24.07.2023 को सावन सोमवार मेला मे लाखो की संख्या मे दूर- दूर से आये श्रद्धालुओ के साथ आये नाबालिक बालक / बालिकाए जो कि दर्शन के दौरान अपने परिजनो से बिछड जाने पर सभापुर पुलिस टीम ने एक ङ्क एक कर कुल 09 नाबालिको को त्वरित कार्यवाही करते हुये उनके परिजनो की पता तलास कर बिछडे हुये नाबालिको को सकुशल सुपुर्द किया गया**
**सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी सभापुर निरी.राजेंद्र मिश्रा एवं थाना स्टाफ ।**

# ग्वालियर पुलिस ने बच्चियों की सुरक्षा के लिए स्कूल, कॉलेज तथा कोचिंग सेंटरों के नजदीक लगाई "बेटी की पेटी

## रविवार को खोलकर देखी गई "बेटी की पेटी" में कोई शिकायत नहीं मिली

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** ग्वालियर में महिला एवं बच्चियों की सुरक्षा और ऐसी शिकायतें



जिसमें वह सामने आकर शिकायत नहीं कर सकती हैं, ऐसी शिकायतों को जानने और उन पर तत्काल एक्शन लेने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों पर ''बेटी की पेटी'' लगाई गई है। नोडल अधिकारी अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य/यातायात) ग्वालियर श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के निर्देश पर कल रविवार को डीएसपी महिला अपराध सुश्री हिना खान एवं जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में लगाई गई ''बेटी की पेटी'' को खोलकर देखा गया, लेकिन किसी भी पेटी में कोई शिकायत नहीं पाई गई।पुलिस के समक्ष युवतियों और छात्राओं के साथ छेड़खानी एवं अन्य प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं। कई मामलों में डर के कारण छात्राएं पुलिस में शिकायत नहीं कर पाती हैं। बेटियों की सुरक्षा और ऐसी शिकायतें जिसमें वह



सामने आकर शिकायत नहीं कर सकती हैं। ऐसी शिकायतों को जानने और उन पर तत्काल एक्शन लेने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस द्वारा बेटी की पेटी योजना प्रारम्भ की गई है। इन पेटियों में छात्राएं अपनी शिकायत कर सकती हैं। बेटी की पेटी में मिलने वाली शिकायतों को गोपनीय रखा जाएगा। ग्वालियर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर स्कूल/कॉलेज तथा कोचिंग सेंटर के स्टूडेंट को बताया कि पुलिस विभाग हमेशा आम जनता के साथ खड़ा है। कोई भी अपने आपको असुरक्षित महसूस न करें, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस तुरंत कार्यवाही के लिए तत्पर रहती है, ग्वालियर पुलिस द्वारा बच्चियों के लिए ''बेटी की पेटी'' नाम से एक योजना शुरू की गई है, जिसमें वह छात्राएं जो छात्रों के साथ अध्ययन कर रही है और बिना किसी भय के अपनी शिकायतों को इस पेटी में डाल सकती है, जिसका प्रति सप्ताह टीआई द्वारा निराकरण किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।ग्वालियर पुलिस द्वारा प्रारम्भ की गई ''बेटी की पेटी'' के संबंध में जब स्कूल तथा कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्राओं से फीडबेक लिया गया तो उनके द्वारा उक्त पहल की सराहना की और कहा कि महिला अपराधों को रोकने के लिए यह एक सराहनीय पहल है और इसके माध्यम से हम अपनी शिकायत को बेझिझक लिखकर डाल सकते हैं।

# श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को दिव्य महारास का रसपान



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह।पावन पुरुषोत्तम मास में शर्मा परिवार राजा पटना बैंक के पीछे जबलपुर नाका पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन कथा पूज्य वैष्णवी गर्ग व्यास जी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया।श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन पूज्य देवी कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं।उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान श्री कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर भजन आज मेरे श्याम की शादी है। मेरे घर श्याम की शादी का भजन प्रस्तुत किया। और भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों और ग्राम वासियों ने शादी में बारात निकाल कर वरमाला प्रोग्राम बड़ी धूमधाम से संपन्न कराया उसके बाद श्रीमती भागवती हरिराम शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी जी के पैर धोकर पैर पकाड़ कर पूजा अर्चना करते हुए दान भेठ चढ़ा कर श्री कृष्ण भगवान की मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। श्री भागवत कथा समारोह में अनेकों भक्तगण और संपूर्ण बस्ती के ग्रामवासी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद हवन पूजन और भंडारा बुधवार 26 तारीख को रखा गया है। जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती भागवती हरिराम शर्मा एवम श्रीमति कलावती बालकृष्ण शर्मा ,श्रीमति सविता धर्मेंद्र शर्मा ,श्रीमति नंदनी वीरेंद्र शर्मा ,श्रीमती राखी प्रमोद शर्मा ,स्नेहा ,पीयूष , नमन , आदित्य, वैदिक ,शर्मा परिवार ने सभी धर्म प्रेमी जन से कथा श्रवण की अपील की है।सभी भक्तजनों से पधारने का आग्रह किया है।

# बेलपत्र के बिना शिवजी की पूजा अधूरी मानी जाती है – आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** देव श्री श्यामलाधीश प्यासी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित करैया रायपुर शाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि शिव पूजन



मे अगर बिल्वपत्र नही चढ़ाया जाता है तो वह पूजन अधूरा माना जाता है,भगवान शिव को प्रसन्न करना है तो एक बेलपत्र और एक कलश जल अर्पित कर दें। इससे भगवान शिव न सिर्फ खुश होंगे बल्कि आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी भी करेंगे इतने प्रिय हैं बेलपत्र. बेल पत्र में तीन पत्तियां होती हैं, जिन्हें भगवान शिव के त्रिशूल, त्रिनेत्र और ब्रम्हा, विष्णु महेश का प्रतीक माना जाता है भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भक्त उन पर उनकी प्रिय चीज़ें अर्पित करते हैं. इन्हीं में से एक बेल पत्र है जो भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है सिर्फ एक बेल पत्र चढ़ाने भर से शिव जी बेहद खुश हो जाते हैं अगर भगवान शिव पर बेलपत्र नहीं चढ़ाया तो उनकी पूजा अधूरी रह जाती है इसे भगवान शिव के त्रिशूल का प्रतीक मानते हैं तो वहीं इसे भगवान शिव के त्रिनेत्र का प्रतीक भी है अमृत पाने के लिए राक्षस और देवताओं के बीच समुद्र मंथन हुआ था इस समुद्र मंथन में सबसे पहले जो जल निकला वह हलाहल नाम का विष था. इस विष का प्रभाव इतना तेज था कि सभी राक्षस और देवता गण जलने लगे, विष इतना प्रभावशाली था कि इससे पूरी सृष्टि जल जाती। इस विष की तपन को सहन कर पाना सबकी क्षमता से बाहर था ऐसे में सभी लोग भगवान शिव के पास पहुंचे भगवान शिव को सारी घटना बतायी तब भगवान शिव ने सृष्टी को बचाने के लिए उस विष को पी लिया, जिससे उनका कंठ नीला पड़ गया और उनके शरीर की तपन बढ़ गई।इस दौरान शिव के शरीर का तापमान कम करने के लिए उनका गंगा जल से अभिषेक किया गया और देवताओं ने उन्हें बेल पत्र का सेवन कराया। जिसके प्रभाव से भगवान शिव को काफी आराम लगा और उनके शरीर का ताप कम होने लगा,तभी से भगवान शिव को बेलपत्र अत्यंत प्रिय है इसी वजह से भगवान शिव को बेल पत्र चढ़ाने से वो भक्तों की सारी मनोकामना पूरी करते हैं।

# जिले में अभी तक 323.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 323.9 मि.मी. अर्थात 12.7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 28 मि.मी. अर्थात 1.1 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 351.9 मि.मी. अर्थात 13.8 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 430 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 385 मि.मी., हटा में 255 मि.मी., जबेरा में 430 मि.मी., पथरिया 287 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 375.4 मि.मी., बटियागढ़ 221 मि.मी. तथा पटेरा में 314 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत बीते 24 घंटों के दौरान जिले में 2.8 मि.मी. अर्थात 0.1 इंच वर्षा दर्ज की गई है। वर्षामापी केन्द्र दमोह में 4 मि.मी., जबेरा में 1 मि.मी., पथरिया में 1 मि.मी. तेंदूखेड़ा में 2.6 मि.मी. तथा बटियागढ़ में 11 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

# जुलाई को प्रदेश की राजधानी भोपाल में होगा कुशवाहा समाज का महाकुंभ

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह ।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में 30 जुलाई 2023 को भेल दशहरा मैदान गोविंदपुरा थाने के सामने भोपाल में कुशवाहा महाकुंभ का आयोजन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री भारत सरकार से कुशवाहा करेंगे एवं विशेष अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी वर्मा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा ग्वालियर, महासभा की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला कुशवाहा जी ललितपुर, महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती राधा कुशवाहा इंदौर, महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पटेल सागर ,युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुशवाहा ग्वालियर, राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदराम कुशवाहा मेवाड़ी, बीज एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमार सिंह कुशवाहा सहित अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के समस्त पदाधिकारी कुशवाहा महाकुंभ में शामिल होंगे ।कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा विदिशा ने कुशवाहा महाकुंभ की तैयारियों को लेकर गुलाब उद्यान भोपाल में 23 जुलाई 2023 को





कामकाजी बैठक का आयोजन किया जिसमें मध्य प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए । बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री भारत सिंह कुशवाहा ने समाज जनों से आह्वान करते हुए कहा कि समाज के इस कार्यक्रम में सभी कुशवाहा बंधु अपने अपने क्षेत्रों से सामाजिक बंधुओं को लेकर महाकुंभ में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं । महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पटेल ने 14 मई 2023 को सागर संभाग में आयोजित हुए महासभा के संभागीय सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा कुशवाहा कल्याण बोर्ड के गठन किए जाने पर उनका आभार जताया और समाज जन से आग्रह किया की 30 जुलाई को समाज के सभी बंधु कुशवाहा कल्याण बोर्ड का गठन किए जाने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का नागरिक अभिनंदन करेंगे , कुशवाहा समाज के इस महाकुंभ में समाज के सभी जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य ,सभापति, जनपद सदस्य ,सरपंच, नगरीय निकायों के नगर परिषदों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद ,एल्डरमैन, एवं कुशवाहा समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारी इस महाकुंभ में सादर आमंत्रित हैं।महाकुंभ के पूर्व आयोजित इस कामकाजी बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे और कार्यक्रम में अपने क्षेत्रों से कम से कम 100 निजी वाहनों से विशाल रैली के साथ कुशवाहा बंधुओं को लेकर महाकुंभ में शामिल होने का दोनों हाथ उठाकर संकल्प लिया ।बैठक में संभाग प्रभारीओ की नियुक्ति की गई ड़एवं कार्यों का विभाजन किया गया । बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री हरिशंकर कुशवाहा गाडरवारा एवं दिलीप कुशवाहा राजगढ़ ने किया । बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक राम विश्वास कुशवाहा भोपाल,महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कुशवाहा, युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर कुशवाहा जबलपुर, कर्मचारी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम कुशवाहा सुजालपुर,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डूंगर सिंह कुशवाहा खिचलीपुर, संतोष कुशवाहा सतना,प्रभात कुशवाहा गाडरवारा ,राजेश कुशवाहा हरदा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजमल कुशवाहा भोपाल,शिवशंकर कुशवाहा भोपाल ,संतोष कुशवाहा बीना, , प्रवेश कुशवाहा भोपाल, चंद्रेश कुशवाहा भोपाल, भोपाल जिले के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुशवाहा,श्रीमती उषा कुशवाहा छतरपुर, श्रीमती द्रौपदी कुशवाहा छतरपुर, युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री शिवशंकर कुशवाहा दमोह, नर्मदा पुरम से संभागीय अध्यक्ष रमेश मौर्य, टीकमगढ़ से आनंद कुशवाहा, पहलवान कुशवाहा गुना, सागर जिले से जिला अध्यक्ष कैप्टन राजकुमार पटेल जिला उपाध्यक्ष राहुल कुशवाहा लंबरदार , जिला महामंत्री श्याम कुशवाहा पीपरा, सोशल मीडिया प्रभारी नरेश कुशवाहा खेजरा, बीना तहसील के अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा, महिला महासभा की प्रदेश मंत्री शांति बाई कुशवाहा, विनोद कुशवाहा इटारसी शिक्षकों कुशवाहा बंधु शामिल हुए।

# पाकिस्तान जाने वाली बेटी के पिता का दर्दकहा- उसने बेइज्जती करा दी, किसी से नजर नहीं मिला पा रहा हूं...



पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर जैसा मामला मध्यप्रदेश में भी सामने आया है। फर्क इतना है कि इस बार भारत से लड़की पाकिस्तान गई है। मूल रूप से ग्वालियर की रहने वाली दो बच्चों की मां अंजू (35) अपने प्रेमी नसरुल्लाह के पास पाकिस्तान पहुंच गई। उसकी इस हरकत से परिवार वाले भी नाराज हैं।प्यार में पड़कर पाकिस्तान जाने वाली अंजू के पिता गया प्रसाद इस मामले में पहली बार कैमरे के सामने आए। उन्होंने कहा कि बेटी लौटे या ना लौटे, फर्क नहीं पड़ता। बेटी ने बेइज्जती करवा दी। किसी से नजरें नहीं मिला पा रहा हूं। दैनिक भास्कर की टीम ने ग्वालियर में टेकनपुर के बौना गांव पहुंचकर अंजू के पिता से बात की।

पहले अंजू के बारे में जान लेते हैंअंजू के पिता गया प्रसाद मूल रूप से हिंदू हैं। कई साल पहले ईसाई धर्म अपना लिया था। उनके पिता बीएसएफ में सूबेदार थे। गया प्रसाद की 5 बेटियां और एक बेटा है। अंजू परिवार में सबसे बड़ी है। उसका जन्म 25 दिसंबर 1988 को ग्वालियर में हुआ था।पिता के मुताबिक अंजू शुरू से ही सनकी स्वभाव की है। वह उत्तर प्रदेश के जालौन स्थित माधौग? में नाना-नानी के साथ रहती थी। 2007 में उसकी शादी राजस्थान के भिवाड़ी में अरविंद कुमार से हुई। अरविंद भी ईसाई है। दोनों की 13 साल की बेटी और 5 साल का बेटा भी है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478